www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश** — प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 6 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 9 फरवरी 2022, शुक्ल पक्ष नवमीं, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-293 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

गुस्से के वक्त थोड़ा रुक जाने से और गलती के वक्त थोड़ा झुक जाने से जिंदगी आसान हो जाती है।

आज बेबाक

झूठ बोले कौवा काटे, काले कौंवे से डरियों...। यह गाना अपनी सार्थकता खो चुका है। वैसे भी अब कौवे कम हो गए है। भाई लोग बे धड़क झूठ पर झूठ बोलते है। किसी को कौवा नहीं काटता। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के दौरान नेताओं में झूठ बोलने की होड़ लगी है। मजे की बात यह है कि खुद सफेद झूठ बोलने वाले नेता दूसरे को झूठों का सरदार बताते है। खुद को सत्यवादी राजा हरिशचंद्र का अवतार बताने वाले ये झूठले नेता शायद ये नहीं जानते कि ये जो पब्लिक है ये सब जानती है।

सूर्योदय

उदय : 7:03 प्रातः

अस्त : 6:05 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,925,782,970

भारत: 1,402,171,410

बाजार

सेंसेक्स : 57808.58

निफ्टी: 17266.80

गोल्ड : 49,530 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,900 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.66 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	30.1	13.4
बिलासपुर	28.8	11.4
जगदलपुर	29.5	10.5
अंबिकापुर	24.5	08.6

आज का दिवस

चॉकलेट डे : वैलेंटाइन सप्ताह का तीसरा दिन यानि चॉकलेट डे। प्यार का इजहार करना हो तो फूलों के साथ चॉकलेट, रूठी गर्लफ्रेंड हो या एक छोटी सी बच्ची हो, मनाने के लिए बस एक चॉकलेट ही काफी है। रोते बच्चे को हंसाना हो तो चॉकलेट, अपनों मे बीच खुशियां बांटना हो तो चॉकलेट, खाने के बाद कुछ मीठा खाना हो तो चॉकलेट। बहुत काम की है यह चॉकलेट। तभी तो एक पूरा दिन ही चॉकलेट के नाम कर दिया गया।

नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट सीआरपीएफ के 4 जवान घायल

बीजापुर/नवप्रदेश। प्रदेश के धुर नक्सल प्रभावित जिले बीजापुर में नक्सलियों ने सीआरपीएफ के जवानों को अपना निशाना बनाया है। माओवादियों ने सर्चिंग पर निकले जवानों अपना निशाना बनाने के लिए एक आईईडी लगाया था, जिसके धमाके से चार जवानों के घायल होने की खबर है।

मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर-भोपालपटनम सड़क पर ये आईईडी ब्लास्ट हुआ है। इस रोड के चिन्नाकोड़ेपाल टी पॉइंट में माओवादियों द्वारा लगाए गई आईईडी की चपेट 4 जवान आए है, जिन्हें इलाज के लिए बीजापुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस घटना की पुष्टि करते हुए बीजापुर जिले के एएसपी पंकज शुक्ला ने बताया कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुप्रीम कोर्ट का आजम खान को अंतरिम जमानत देने से इनकार

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी सांसद आजम खान को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आजम खान की चुनाव प्रचार में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत देने की गुहार वाली याचिका खारिज कर दी। पीठ ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से कहा कि वह (आजम खान) जमानत के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर शीघ्र सुनवाई की गुजारिश कर सकते हैं। श्री खान ने अपनी याचिका में राज्य की भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पर आरोप लगाया था कि वह उनसे संबंधित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में एक दिन में कोरोना से 1188 लोगो की मौत

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश में कोरोना वायरस संक्रमण की रफ्तार धीमी पड़ने से भले ही थोड़ी राहत मिली हो, लेकिन पिछले 24 घंटों के दौरान इसके कारण हुई 1188 मौतों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के 67,597 मामले दर्ज किये गये, जबकि 1,80,456 लोगों ने इस महामारी को मात दी। देश में रविवार को 55,78,297 लोगों को कोरोना के टीके लगाए गए। देश में अब तक 1,70,21,72,615 टीके लगाये जा चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोविड के सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 9,94,891 रह गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान 1,80,456 लोग ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत में उच्च आर्थिक वृद्धि के साथ महंगाई पर अंकुशः मोदी

नयी दिल्ली(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि कोरोना संकट के बावजूद दुनिया में आज भारत ही ऐसी बड़ी अर्थव्यवस्था है जिसकी आर्थिक वृद्धि दर ऊंची है और महंगाई दर नरम है जबकि अमेरिका में महंगाई 40 साल तथा ब्रिटेन में 30 साल के उच्चतम सतर पर है। श्री मोदी ने कहा कि दुनिया के 19 देशों में जहां यूरो मुद्रा चलती है वहां भी महंगाई दर ' ऐतिहासिक रूप से उच्चतम स्तर पर है। उन्होंने कहा कि भारत में 2014-20 तक मुद्रास्फीति चार से पांच प्रतिशत के बीच थी जबकि उससे पहले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के जमाने में यह दर दोहरे अंकों में थी। उन्होंने कहा कि हमने महंगाई को एक स्तर पर रोकने का प्रयास किया है। श्री मोदी राज्य सभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर करीब 11 घंटे तक चली चर्चा का उत्तर दे रहे थे।

भारत दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माता

उन्होंने कहा कि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) से एमएसएमई क्षेत्र को बहुत अधिक फायदा हुआ है। विनिर्माण गतिविधियां तेज हो रही है और निर्यात बढ़ रहा। भारत मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माता बन गया है और इसका निर्यात भी बढ़ा है। वाहनों के कल पुर्जे तथा बैटरी के विनिर्माण के क्षेत्र में भी पीएलआई के परिणाम दिखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि जब दुनिया भर से आर्डर आते हैं तो उससे छोटी इकाइयों को अवसर तथा रोजगार बढ़ता है।

लॉकडाउन से मुक्त रखा किसानों को

श्री मोदी ने कहा कि कोरोना संकट के दौरान भारत में सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएम) और कृषि क्षेत्र पर सबसे अधिक ध्यान दिया गया क्यों कि यह बड़ी संख्या में रोजगार देने वाला क्षेत्र है। खेती बाड़ी को लॉकडाउन से मुक्त रखा गया जिससे किसानों ने फसलों की रिकार्ड पैदावार की और सरकार ने एमएसपी पर गेहूं और धान की रिकार्ड खरीद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिमस्खलन की चपेट में आए सेना के सभी सात जवान शहीद

■ **एलएसी के पास कर रहे थे पेट्रोलिंग**

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने कहा कि छह फरवरी को अरुणाचल प्रदेश के कामेंग सेक्टर के ऊंचाई वाले इलाके में हिमस्खलन की चपेट में आए सभी सात लापता सैन्यकर्मी मारे गए हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने सेना के हवाले से लिखा है कि शहीद जावानों के शवों को हिमस्खलन स्थल से निकाले लिया गया है। सेना के सात जवान एक गश्ती दल का हिस्सा थे और तवांग जिले में हिमस्खलन की चपेट में आने के बाद से लापता हो गए थे। दिरांग पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी सांग थिनले ने पहले कहा था कि घटना रविवार को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुई थी।

दिरांग पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी थिनले ने कहा था, 'मैमी हट के निकट क्षेत्र में हिमस्खलन में 19 जेएके राइफल्स के सात सैन्यकर्मी कथित तौर पर फंस गए। घटना के बाद सेना के अधिकारियों ने जंग पुलिस स्टेशन में घटना की सूचना दी थी। यह इलाका काफी दुर्गम है और बर्फबारी के कारण सभी रास्ते बंद हो गए हैं।

इसके तुरंत बाद, तेजपुर स्थित रक्षा पीआरओ लेफ्टिनेंट कर्नल हर्षवर्धन पांडे ने कहा था कि एक खोज और बचाव अभियान चलया जा रहा है। लेफ्टिनेंट कर्नल ने कहा, बचाव अभियान में मदद के लिए विशेष टीमों को एयरलिफ्ट किया गया है। पिछले कुछ दिनों से इलाके में भारी बर्फबारी के साथ मौसम खराब हुआ है।

मोदी ने पांच राज्यों के चुनाव के लिए किया संसद का इस्तेमाल : कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के बाद संसद में जनता से जुड़े सवालों का जवाब देने की बजाए कांग्रेस पर निशाना साधा और लोकसभा तथा राज्यसभा का इस्तेमाल पांच राज्यों के चुनाव प्रचार के तौर पर किया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी के लोकसभा सदस्य गौरव गोगोई ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी को संसद में अभिभाषण पर चर्चा के बाद जिन सवालों का जवाब देना चाहिए था उस पर उन्होंने कुछ नहीं बोला और राज्यसभा तथा लोकसभा जैसे मंचों का इस्तेमाल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नजर चुनाव प्रचार के तौर पर किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद के दोनों सदनों में देश की अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी, चीनी अतिक्रमण, महंगाई, कोरोना जैसे मुद्दों पर कुछ नहीं बोला जबकि चर्चा के दौरान इस बारे में उनसे सवाल भी किए गए थे लेकिन उन्होंने अपने भाषण में सिर्फकांग्रेस और पार्टी के नेता राहुल गांधी को निशाना बनाया है। श्री खडके ने कहा , किसी मुद्दे पर उनका जवाब नहीं है, जो-जो मुद्दे हमने उठाए थे,बेरोजगारी,महंगाई बेरोजगारी, कोविड ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रूस की कब्र से 206 दिन बाद आया शव

उदयपुर। चार पैसे कमाने की उम्मीद में हितेंद्र गरासिया राजस्थान के उदयपुर से अपना घर-परिवार छोड़कर गया था। लेकिन वापस लौटा तो उसका शव। वह भी परिवार के 206 दिनों तक संघर्ष करने के बाद। इस दौरान उदयपुर की खेरवाड़ा तहसील का गोड़वा गांव पूरी तरह मायूस नजर आया। शव के गांव पहुंचने के बाद औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान वहां मौजूद हर किसी की आंखें नम हो उठी थीं। दो दिन पहले रूस से दिल्ली और कल जयपुर में पोस्टमार्टम के बाद हितेंद्र का शव शव मंगलवार को पैतृक गांव गोड़वा लाया गया।

कर्नाटक: हिजाब विवाद के बीच सीएम बोम्मई का आदेश

अगले तीन दिन बंद रहेंगे सभी हाई स्कूल और कॉलेज

नई दिल्ली (ए.)। कर्नाटक के स्कूल और कॉलेजों में हिजाब का मुद्दा गरमाता जा रहा है। राज्य के मौजूदा हालात को देखते हुए मंगलवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सभी हाई स्कूलों और कॉलेज को अगले तीन दिनों तक बंद रखने का आदेश दे दिया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने मामले से संबंधित सभी लोगों से सहयोग करने का अनुरोध किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने अगले तीन दिन तक राज्य के सभी हाई स्कूल और कॉलेज को बंद करने का आदेश दिया है। दूसरी ओर हाई कोर्ट ने भी राज्य में हिजाब विवाद पर सुनवाई शुरू कर दी है। एक स्कूल से शुरू हुआ यह मुद्दा अब पूरे राज्य में फैल गया है। राज्य के कई भागों में कॉलेज में हिजाब पहनने के पक्ष और विरोध में तेज होते प्रदर्शनों के बीच राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की।

साथ ही उन्होंने कहा कि किसी को भी पुलिस को बल का प्रयोग करने को मजबूर नहीं करना चाहिए।

महाभारत के 'भीम' प्रवीण कुमार का निधन

नयी दिल्ली(वार्ता)। टेलीविजन पर मशहूर पौराणिक धारावाहिक 'महाभारत' में 'भीम' के किरदार को जीवंत करने वाले कलाकार प्रवीण कुमार का सोमवार रात यहां निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार थे। उन्होंने कल देर रात दिल्ली में अशोक विहार स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके परिवार में पत्नी, पुत्री, दो भाई और एक बहन है। प्रख्यात फिल्म निर्देशक बी आर चोपड़ा के निर्देशन में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

वाहन दुर्घटना में मृतक के कानूनी वारिस भी मुआवजा पाने के हकदार

दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की बीमा कंपनी दलील

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि वाहन दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति के कानूनी वारिस (प्रतिनिधि) भी मुआवजा पाने के हकदार हैं। हाईकोर्ट ने हादसे में मारे गए व्यक्ति के पहली शादी से हुए दो बच्चों को मुआवजा दिए जाने को सही ठहराते हुए यह टिप्पणी की है।

जस्टिस संजीव सचदेवा ने वाहन दुर्घटना दावा पंचाट द्वारा 22 मार्च, 2021 को मृतक के पहले शादी से हुए दो बच्चों को मुआवजा देने के आदेश के खिलाफ बीमा कंपनी की अपील को ठुकराते हुए यह फैसला दिया है। कंपनी ने अपील में कहा था कि पहली शादी से हुए दो बच्चों को मृतक के परिवार का आश्रित नहीं माना सकता है। दूसरी तरफ हाईकोर्ट को बताया गया कि बच्चे पिता के साथ रह रहे थे, ऐसे में वे मुआवजा पाने के हकदार हैं।

हाईकोर्ट ने कहा है कि जहां तक मुआवाजे का सवाल है तो सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि भारतीय समाज की स्थिति को देखते हुए वाहन दुर्घटना में मृतक के कानूनी प्रतिनिधि भी मुआवजा पाने के हकदार हैं। हाईकोर्ट ने कहा है कि उक्त फैसले में, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी माना कि एक भारतीय परिवार में भाई-बहन और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बेमिसाल
10 साल
Anniversary
नव प्रदेश
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
रायपुर संस्करण के
11वें स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
गिरीश देवांगन
अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ खनिज विकास
निगम रायपुर

क्या छत्तीसगढ़ में अघोषित आपातकाल है?

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने एक बार फिर राज्य की भूपेश बघेल नीत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सरकार पर विरोध को दबाने का आरोप लगाया।

भूपेश सरकार पर बोला हमला

इस मामलें में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने इन नेताओं की गिरफ्तारी का एक वीडियों ट्वीट कर भूपेश सरकार पर जमकर हमला बोला है। रमन ने अपने ट्वीट में लिखा क्या छत्तीसगढ़ में अघोषित आपातकाल है? आवाजें दबाने, विरोध कुचलने ये जो पुलिसिया दमन भूपेश बघेल सरकार कर रही है, उसे पूरा प्रदेश देख रहा है। रायपुर से सरगुजा, बस्तर तक यह तानाशाही चल रही है लेकिन कांग्रेस सुन ले! न हम डरे हैं न डरेंगे, यह आवाज और बुलंद होगी।

भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दरअसल छत्तीसगढ़ के बस्तर जिला मुख्यालय में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप समेत लगभग 70 भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कश्यप की अगवानी में ये सभी

नेता कार्यकर्ता जगदलपुर नगर निगम के संजय गांधी वार्ड के 40 परिवारों से कांग्रेसी महिला पार्षद के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे।

महिला पार्षद पर रुपये लेने का लगाया आरोप

महिला पार्षद पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर प्रत्येक परिवार से 25 हजार रुपये लेने का आरोप लगा है। इस मामले में पार्षद के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग लेकर पीड़ित परिवारों और भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा 20 दिनों से बोधघाट थाने के सामने धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

प्रदर्शन के बाद भी दर्ज नहीं किए एफआईआर

20 दिनों के प्रदर्शन के बाद भी इस मामले पर एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने पर भाजपा ने मंगलवार को नगरबंद का आह्वाहन किया था। मंगलवार सुबह से ही भाजपाइयों (EX CM Twitter Attack) द्वारा बंद को सफल बनाने दुकानों को बंद करवाने की कोशिश की। उसी दौरान पुलिस ने पूर्व मंत्री व भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केदार कश्यप, पूर्व विधायक संतोष बाफना, पूर्व विधायक बैदू राम कश्यप समेत लगभग 70 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया।

रनिंग वॉटर सप्लाई के काम में तेजी

रायपुर/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्रकुमार के निर्देशन में आंगनबाड़ी और स्कूलों में रनिंग वाटर सप्लाई के कार्यो को तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रायगढ़ कलेक्टर भीम सिंह ने जिला जल स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन के कार्यों की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सिंगल विलेज, मल्टी विलेज व सोलर योजना के तहत चल रही योजनाओं के तहत सारे स्वीकृत कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी, स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम पंचायत भवन आदि में रनिंग वाटर कार्य की भी जानकारी ली।

विलंब होने पर संबंधित ठेकेदारों पर कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन (Jal Jeevan Mission) के तहत किये जा रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत अनुबंध व समय वृद्धि की स्वीकृति पर समीक्षा करते हुए विलंब पर गहरी नाराजगी जताते हुए सभी संबंधितों एवं ठेकेदारों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना से संबंधित स्वीकृत कार्यों की प्रगति और वर्तमान स्थिति पर चर्चा की।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की अद्यतन प्रगति एवं निविदाओं की स्वीकृति के अनुमोदन पर चर्चा की। ईई पीएचई ने बताया कि रेट्रोफिटिंग योजना के 366, सिंगल विलेज योजना के 466, सोलर योजना के 314 सहित कुल 1146 योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है तथा 353 योजनाओं की निविदा जारी की जा चुकी है।

6 जनवरी तक दिए जा चुके हैं 24 हजार घरेलू नल कनेक्शन

जिसमें से 515 योजनाओं (Jal Jeevan Mission) में कार्यादेश जारी किया गया है। इसके अलावा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 194 योजनाओं में कार्य प्रारंभ कर दिया है जिसमें 6 जनवरी तक 24 हजार घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसके साथ ही आश्रम एवं छात्रावास में रनिंग वाटर का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल सुश्री उइके ने उज्जैन में महाकालेश्वर की पूजा अर्चना की

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल बाबा के दर्शन किए और अभिषेक एवं पूजा अर्चना की। सुश्री उइके ने छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता की खुशहाली और छत्तीसगढ़ की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। उन्होंने विश्वव्यापी कोरोना महामारी से भी मुक्ति के लिए प्रार्थना की। महाकाल प्रबंध समिति की ओर से राज्यपाल को मंदिर की प्रतिकृति और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

चैतन्य और ख्याती को आशीष देने पहुंची राज्यपाल

दुर्ग/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल और ख्याती वर्मा परिणय सूत्र में बंध गए हैं। 6 फरवरी को रायपुर के एक निजी होटल में भव्य शादी हुई थी। यही कारण है कि दुर्ग जिले के रहवासियों के लिए 8 फरवरी को पाटन के सर्किट हाउस में आशीर्वाद समारोह शुरू हो गया है। आशीर्वाद समारोह में धीरे-धीरे सभी आम से लेकर ख़ास मेहमान आने लगे हैं। बता दें कि आर्शीवाद समारोह में कांग्रेस के कैबिनेट मंत्रियों के साथ पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं के साथ राज्यपाल अनुसुइया उइके भी वर-वधु को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचें हैं। वहीं समारोह में बड़ी संख्या में मेहमान भी मौजूद रहेंगे, हालांकि अलग-अलग समय में अलग-अलग क्षेत्र के मेहमानों को बुलाया गया है, ताकि भीड़ न हो।

कुलिशा मिश्रा संभालेंगी मुख्य समन्वयक की जिम्मेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नवगठित विभाग जवाहर बाल मंच की छत्तीसगढ इकाई की कमान कुलिशा मिश्रा संभालेंगी। आलाकमान ने कुलिशा मिश्रा को छत्तीसगढ़ राज्य का मुख्य समन्वयक बनाया है। इस संबंध में कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल के द्वारा नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया है। कांग्रेस ने जवाहर बाल मंच के नाम से संगठन बनाया है। इस संगठन में 10 से 17 वर्ष की आयु वालों को जोडऩा है। छत्तीसगढ़ में जवाहर बाल मंच की कमान कुलिशा मिश्रा को सौंपी गई है। जवाहर बाल मंच का विस्तार न केवल जिला, बल्कि विधानसभा क्षेत्रवार किया जा रहा है।

क्या है जवाहर बाल मंच

जवाहर बाल मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि जवाहर मंच से कम आयु के लोगों को जोडऩे का उद्देश्य यह है कि कांग्रेस की विचारधारा से जुडऩे वाले लोग लंबे समय तक काम करें। पिछले कुछ सालों में महसूस किया गया कि देश की जवान होती पीढ़ी को सामाजिक समरसता और विविधता जैसे विषयों में जागरूक करने की आवश्यकता है। विशेष कर देश के संविधान की जानकारी, उसका सम्मान, उसमें निहित अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी आदि।

पायलेट प्रोजेक्ट से ही प्रदेश प्रमुख रहीं कुलिशा

भारतीय युवक कांग्रेस ने अपने तीन राष्ट्रीय संगठन सचिवों को इस विभाग का विशेष प्रभारी बनाया जिनमें कुलिशा मिश्रा एक थीं। साथ ही कुलिशा को छत्तीसगढ़ राज्य के लिए चेयरपर्सन के रूप में जिम्मेदारी दी गयी। परिणामों से उत्साहित कांग्रेस ने गत वर्ष के अंत में जवाहर बाल मंच का औपचारिक गठन किया। कुछ वर्षों तक केवल राज्य में चले पायलट प्रोजेक्ट की सफलता से उत्साहित होकर दो साल पहले इसका विरतार कर इरो पंजाब, महाराष्ट्र, छतीरागढ जैरो कुछ राज्यों में लागू किया गया। इसके संचालन के लिए देश में भारतीय युवक कांग्रेस को नोडल विंग के रूप में जिम्मेदारी दी गयी। आज एआईसीसी ने औपचारिक रूप से राज्य प्रभारियों को नियुक्त करते हुए पहली सूचि जारी की है। कुलिशा को छत्तीसगढ़ राज्य का मुखिया नियुक्त किया है। कुलिशा इस नियुक्ति के बाद भी भारतीय युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय सह सचिव के पद पर बने रहेंगी।

> कांग्रेस पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसके लिए मैं आभारी हूँ। हमें मिलकर कांग्रेस पार्टी कोआगे बढ़ाना है। देश की भावी पीढ़ी को अपने संविधान के प्रति जागरुक करते हुए देश में प्रेम औरसमरसता की राह में अग्रसर करते हुए सौहार्द्र का वातावरण बनाना है।
>
> **कुलिशा मिश्रा,** मुख्य समन्वयक, जवाहर बाल मंच छत्तीसगढ .राष्ट्रीय सहसचिव, राष्ट्रीय युवा कांग्रेस

जवाहर बाल मंच का विस्तार

जवाहर बाल मंच का विस्तार प्रदेश स्तर से लेकर जिला और ब्लाक स्तर तक किया जाएगा। आगामी चुनाव से पहले जवाहर मंच की बड़ी टीम खड़ी हो जाएगी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का कहना है कि मिशन-2023 में जवाहर मंच को लगाया जाएगा।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने किया आंसू गैस का अभ्यास

रायपुर/नवप्रदेश। किसी समूह या समूह द्वारा प्रतिकूल और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए किया गया समूह अभ्यास कार्य जो भविष्य में आकस्मिक घटना को रोक सकता है उसे मॉक ड्रिल कहा जाता है।

मॉक ड्रिल का मतलब नकली अभ्यास या आभासी अभ्यास है। पुलिस लाइन में मंगलवार को एसएसपी के सामने सामने बलवा का माक ड्रिल का रिहर्सल किया गया। एसएसपी के सामने आंसू गैस के गोले, पथराव और उपद्रव को रोका गया। पुलिस लाइन ग्राउंड में पुलिस टीमों की ओर से बलवा का माक ड्रिल किया गया।

पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

इन टीमों में कुछ टीमें बलवाई तो कुछ पुलिस की टीम बनाई गई। बलवा कर रहे लोगों पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। उसके धुएं में उनके ऊपर लाठियां भी भांजी गई। इस दौरान पुलिस कर्मियों को बलवाइयों को रोकने के गुर सिखाए गए, ताकि पुलिस चुस्त दुरुस्त व हर हालात से निपटने के लिए तैयार हो जाए। माक ड्रिल में क़ानून व्यवस्था की स्थिति में आंसू गैस व वाटर केनन के उपयोग का भी अभ्यास कराया गया

अप्रिय स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग

रायपुर पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में पुलिस और जिला प्रशासन के द्वारा कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए माक ड्रिल (Mock Drill) कराया गया। जिसे पुलिस की शब्दावली में बलवा ड्रिल भी कहा जाता है। इसमे रायपुर पुलिस के सभी राजपत्रित अधिकारी, शहर के थाना प्रभारी, थानों के पुलिस कर्मी, रक्षित केंद्र तथा पुलिस प्रशिक्षित विद्यालय माना का बल शामिल था। जिला प्रशासन के भी मजिस्ट्रेट ड्यूटी करने वाले एडीएम, एसडीएम और सभी मजिस्ट्रेट शामिल थे।

वाटर कैनन का कराया गया अभ्यास

माक ड्रिल (Mock Drill) में कानून व्यवस्था की स्थिति में आसू गैस और वाटर कैनन के उपयोग का भी अभ्यास कराया गया। मॉक ड्रिल का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल और जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार ने निरीक्षण और मार्गदर्शन किया। माक ड्रिल के समापन के बाद पुलिस कर्मियों को कानून व्यवस्था का पालन करने के लिए जानकारी दी गई।

छग शासन द्वारा प्रस्तावित थोक बाजार में फर्नीचर व्यापार हेतु स्थल की आवश्यकता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 7 फरवरी 2022 को फर्नीचर मैन्युफैक्चरर्स एसोसियेशन रायपुर के पदाधिकारियों ने चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी एवं चेम्बर पदाधिकारियों से मिलकर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तावित थोक बाजार में फर्नीचर व्यापार हेतु स्थल की आवश्यकता के संबंध में पत्र देकर अवगत कराया। चेम्बर की पहल पर शासन की इस महती योजना की फर्नीचर मैन्युफैक्चरर्स एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने अत्यंत सराहना की और कहा कि इस योजना के मूर्तरूप लेने से पूरे भारत के मानचित्र में छत्तीसगढ़ विशिष्ट व्यवसायिक स्थल के रूप में आकार लेगा।

इस अवसर पर फर्नीचर मैन्युफैक्चरर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष मनोज कोठारी, महासचिव सर्वजीत सिंह निरंकारी, कोषाध्यक्ष मनीष मालू के साथ ही चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी, संगठन मंत्री महेन्द्र कुमार बगरोड़िया, मंत्री नीलेश मूंधड़ा, युवा चेम्बर अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महामंत्री कांति पटेल आदि प्रमुख रूप् से उपस्थित थे।

68 कर्मचारियों पर गिरी गाज, कारण बताओ नोटिस, तनख्वाह कटेगी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों की सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक उपस्थिति के संबंध में जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जांजगीर-चांपा जिले में 7 फरवरी को राजस्व अधिकारियों द्वारा जिला कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों का सुबह 10 बजे से 10.15 बजे तक निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यालयों में अनुपस्थित 68 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

कलेक्टर ने दिए वेतन कटौती के निर्देश

ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार द्वारा शासकीय कर्मचारियों की कार्य क्षमता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए पांच कार्य दिवस प्रति सप्ताह प्रणाली लागू की गई है, जिसके तहत कार्यालयों हेतु कार्यावधि सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक निर्धारित की गई है। जांजगीर-चांपा जिले के कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने सभी विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों को पत्र जारी कर राज्य सरकार के आदेश का कड़ाई से पालन करने तथा बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों-कर्मचाारियों पर नियमानुसार कार्यवाही करने और विलंब से आने पर वेतन कटौती के निर्देश दिए हैं।

व्हाट्सएप ग्रुप देना है उपस्तिथि

इसके साथ ही सभी कार्यालय प्रमुखों को उपस्थिति पंजी की फोटो पूर्वान्ह 10.15 बजे जिले के व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करने को भी कहा गया है। जांजगीर-चांपा के कलेक्टर के निर्देश पर सोमवार 7 फरवरी को अपर कलेक्टर सहित राजस्व अधिकारियों ने जिला कार्यालय व अपने कार्यक्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों का पूर्वान्ह 10 बजे से 10.15 बजे तक निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर ने जिला कार्यालय की विभिन्न शाखाओं की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया।

कलेक्टर कार्यालय में 14 की अनुपस्थित

कलेक्टर कार्यालय में 129 कर्मचारियों में से 104 उपस्थित मिले, वहीं 14 अनुपस्थित थे। जिनमें से 3 मातृत्व अवकाश, 03 क्षेत्र भ्रमण पर थे। शेष 8 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सक्ती एसडीएम ने भी विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। सक्ती जनपद कार्यालय में बिना सूचना अनुपस्थित 6 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार चांपा एसडीएम ने भी 5 शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। जहां 62 कर्मचारी अनुपस्थित थे। जिनमें 6 अवकाश पर थे, 2 प्रशिक्षण में थे। शेष को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। इसी प्रकार जांजगीर, पामगढ़, डभरा के एसडीएम ने भी विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया।

किसानों को सस्ते में मिलेगा बीज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में किसानो का बीज अब कम कीमत में मिलेगा। मक्का की नई किस्म को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (IGKV) के वैज्ञानिकों ने इजाद किया है।

इस किस्म का नाम छत्तीसगढ़ अगेती शंकर मक्का-1 रखा गया है। नई किस्म के मक्का को किसान खरीफफसल में इस्तेमाल कर सकते हैं. इससे पहले छत्तीसगढ़ में मक्का की कोई भी नई किस्म की फसल तैयार नहीं हुई थी।

84 दिनों में फसल हो जाएगी तैयार

कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. दीपक शर्मा (New Variety of Maize) ने बताया मक्के की नई किस्म 84 दिन में तैयार हो जाएगी। बाकी किस्म को 90 से 100 दिन लगते हैं। जल्द तैयार होने से फसल चक्र में क्रम सही बैठता है। नई किस्म का अम्बिकापुर, दंतेवाड़ा और रायपुर में प्रयोग किया गया।सभी क्षेत्रों में सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं।

डॉ. दीपक शर्मा के मुताबिक प्रति हेक्टेयर 58 क्विंटल उत्पादन है। यह बाकी किस्म से 20 क्विंटल ज्यादा उत्पादन है। किसान इसे खरीफफसल के समय उपयोग कर सकते हैं। इसे अंबिकापुर के रिसर्च सेंटर में ब्रीडरों द्वारा इजाद किया गया है।अंबिकापुर में ही हमारी ऑल इंडिया कोऑर्डिनेटर प्रोजेक्ट की स्कीम है। वहीं मक्के की परियोजनाएं चल रही है। उसी के तहत लगातार हमारा काम चल रहा है।

भारत सरकार को भेजा प्रपोजल, हरी झंडी का इंतजार

डॉ. शर्मा कहते हैं कि विश्वविद्यालय (IGKV) के द्वारा साल 2021 में इसे छत्तीसगढ़ स्टेट वैरायटी रिलीज कमेटी के द्वारा जारी किया गया था.। इसके नोटिफिकेशन के लिए भारत सरकार को प्रपोजल भेजा गया है। जल्द ही इसका नोटिफिकेशन हम लोगों को मिल जाएगा। अभी हम लोग टीएलसी किसानों को बीज देने के लिए प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जैसे ही नोटिफिकेशन होगा तो वह प्रोसेस में आ जाएगा।

चूंकि बाकी मक्का के बीज का प्राइवेट कंपनी से आरएमडी है। ट्रांसपोर्टेशन चार्ज लगता है तो उनकी कीमत ज्यादा होती है, लेकिन नए किस्म का मक्का विश्वविद्यालय (New Variety of Maize) द्वारा तैयार किया गया है। छत्तीसगढ़ में ही यह बना है। ऐसे में हम लोग यहां के किसानों को कम से कम रेट में बीज उपलब्ध कराने की कोशिश करेंगे।

धान खरीदी केन्द्रों में समुचित व्यवस्था से किसान हुए खुश

- **धान खरीदी के अंतिम दिन बेचने आए किसान का हुआ अभिनंदन**
- **पंजीकृत कुल किसानों में से 94.95 प्रतिशत किसानों ने अपना धान बेचा**

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य जिले में आज संपन्न हुआं। किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी का कार्य किया गया। जिससे किसान पूरी तरह संतुष्ट है। जिले में इस वर्ष 138 उपार्जन केन्द्र के माध्यम से धान खरीदी का यह कार्य पूर्ण हुआ। जिले में पंजीकृत कुल किसानों में से 94.95 प्रतिशत किसानों ने अपना धान बेचा।

ग्राम खैरखुंट के किसान अर्पित कुमार वर्मा, दीपक साहू और योगेंद्र निषाद ने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बेमौसम बारिश होने की वजह से किसानों का फसल बरबाद होने के साथ-साथ विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ा। सरकार द्वारा इससे राहत दिलाने धान बेचने के निर्धारित तिथि में वृद्धि कर किसानों को चिंतामुक्त किया। उन्होंने कहा कि धान विक्रय केन्द्रों में टोकन कटाने, धान तौलाने और बेचे गए धान की राशि प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हुई। राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया।

बयानबाजी — **भाजपा और केन्द्र के तमाम विरोध के बावजूद कांग्रेस सरकार ने किसानों का धान खरीदा**

रिकार्ड धान खरीदी भूपेश सरकार की बड़ी उपलब्धि : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। धान खरीदी के अंतिम दिन 98 लाख मी. टन धान खरीदी तथा 22 लाख से अधिक किसानों के द्वारा धान बेचे जाने को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कांग्रेस की भूपेश सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया है। धान खरीदी का यह आंकड़ा अभी अंतिम नही है। जिन किसानों ने अपना पंजीयन करवा लिया है। जिनका धान खरीदी केन्द्र तक पहुंच गया है। उनकी पूरे धान की तौलाई के बाद यह आंकड़ा और बढ़ेगा। राज्य बनने के बाद से अब तक की यह सबसे बड़ी धान खरीदी है। जितने किसानो ने पंजीयन करवाया था उनमें 95 प्रतिशत किसानों ने अपना धान बेच लिया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग कर घड़ियाली आंसू बहा रही है। भाजपा बताये किसके लिये वह धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग कर रही है। पंजीकृत 95 प्रतिशत किसानों ने तो अपना धान बेच लिया है शेष 5-6 प्रतिशत तो पंजीयन करवा लेते है धान बेचते नही उनके पास अपनी निजी खपत के योग्य ही पैदावार होती है। भाजपा कोचियों और दलालों के धान बेचने के लिये तिथि बढ़ाने की मांग कर रही है। जब

भाजपा की सरकार थी तब 12 से 16 लाख किसान धान बेचते थे। छत्तीसगढ़ का क्षेत्रफल उतना ही है कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इस साल 22 लाख किसानो से धान खरीदी की गयी है। यह कांग्रेस और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का किसानों के प्रति नजरिया को दर्शाता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ की धान खरीदी को बाधित करने का पूरा प्रयास किया है। उनकी केन्द्र सरकार ने सेन्ट्रल पुल में उसना चावल लेने से मना कर दिया हैं छत्तीसगढ़ का कोई भी भाजपा नेता सांसद, विधायक इस संबध में केन्द्र से पहल करने आगे नही आया। केन्द्र ने धान खरीदी के लिये छत्तीसगढ़ को पर्याप्त बारदाना नही दिया उसके बावजूद कांग्रेस सरकार ने खुद व्यवस्था करके किसानों का पूरा धान खरीदा है। बारदानें के मामले में भी छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं ने यह प्रयास किया कि राज्य को पूरा बारदाना न मिले ताकि राज्य धान खरीदी न कर पाये। भाजपा के तमाम षंडयंत्रो के बावजूद कांग्रेस सरकार के साथ खड़ी है तथा किसानों का पूरा धान खरीद कर अपना ही पुराना रिकार्ड तोड़ दिया।

संपादकीय

कोरोना: नए मामलों में कमी

भारत में कोरोना की तिसरी लहर का कहर अपेक्षाकृत कम टूटा है। अब तो कोरोना के नए मामलों में भी लगातार कमी आ रही है। जो संतोष की बात है। कोरोना से सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट्र, नई दिल्ली और केरल आदि राज्यों में भी कोरोना के नए मामले कम होने लगे है। नतीजतन नाईट कर्फ्यू हटाया जा रहा है और अन्य पाबंदीया भी खत्म की जा रही है। शैक्षणिक संस्थानों को भी फिर से खोला जा रहा है। सिनेमा हाल, पार्क और जीम आदि मे भी कुछ शर्तों के साथ लोगों को प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। इससे लोगों को राहत मिल रही है। किन्तु अभी भी सावधानी बरतने की सख्त जरूरत है। कोरोना के मामले कम जरूर हो रहे हैं लेकिन कोरोना अभी गया नहीं है और ना ही निकट भविष्य में कोरोना के पूरी तरह खत्म होने की कोई संभावना है। मतलब खतरा अभी टला नहीं है इसलिए सतर्कता बरतना आवश्यक है। खास तौर पर ऐसे लोगों को जिन्हें अभी तक कोरोना की वैक्सीन नहीं लगी है। उन्हें कोरोना गाइड लाइन का इमानदारी से पालन करना चाहिए। क्योंकि जिन्हें वैक्सिन नहीं लगी है उनके लिए कोरोना जानलेवा साबित हो सकता है। कोरोना के नए मामलों में कमी का एक कारण यह भी है कि अब लोग अस्पतालों में कोरोना टेस्ट कराने से बच रहे हैं। बहुत से लोगों को जब कोरोना के लक्षण दिखते है तो वे कोरोना टेस्ट किट खरीद लाते है और अपने घर पर ही कोरोना टेस्ट कर लेते है और आवश्यक सावधानी बरतने के साथ ही दवा लेना शुरू कर देते है जो आठ दस दिन में ठीक भी हो जाते है। यही वजह है कि देश में कोरोना के नए मामलों में गिरावट देखी जा रही है। इससे लोगों को खुद कर इस नतीजे पर नहीं पहुंच जाना चाहिए कि अब कोरोना का खतरा टल गया है। कोरोना का खतरा अभी भी मंडरा रहा है और इससे बचने का एक ही उपाय है कि हम घर से बाहर निकले तो मास्क आवश्यक रूप से लगाए और भीड़ भाड़ में जाने से बचे दो गज की दूरी का जितना हो सके पालन करें। अन्यथा कोरोना वायरस का संक्रमण हमें अपनी चपेट में ले सकता है और जिस तरह तिसरी लहर के बाद हमारी असावधानी के कारण दूसरी लहर और फिर तिसरी लहर आई थी। वैसे ही चौथी लहर भी आ सकती है। ऐसा न हो इसके लिए सभी को सावधानी बरतनी होगी। सरकार ने भले ही कोरोना गाइड लाइन में कुछ छूट दी है लेकिन उसका अनुचित लाभ उठाने से बचना होगा। तभी कोरोना का असर कम होगा।

विचार

कोरोना की तीसरी लहर का चरम बीत गया!

राजेश माहेश्वरी

पिछले दो साल से कोरोना ने पूरी दुनिया को हिलाकर रखा हुआ है। हमारा देश भी इस महामारी से अछूता नहीं रहा। कोरोना की दूसरी लहर ने देश में जो कोहराम मचाया, उसे याद करके रोंगटे खड़े हो जाते हैं। 130 करोड़ की आबादी वाले देश में सभी नागरिकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना कोई आसान काम नहीं है। महामारी के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों ने अपने स्तर पर नागरिकों की मदद में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी, लेकिन कोरोना की तीसरी लहर ने देशवासियों की चिंता को दोबारा बढ़ा दिया। लेकिन गनीमत है कि कोरोना वायरस की कथित तीसरी लहर का प्रभाव कम होने की खबरें प्रकाश में आ रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार देश में कोरोना संक्रमण के मामले लगभग 70 फीसदी तक घट गये हैं। बीते दो हफ्तों की बात की जाए तो संक्रमण लगातार कम हुआ है। सुखद बात यह भी है कि देश के जिन राज्यों में महामारी का विस्तार अब भी जारी था, वह भी संक्रमण का स्तर लगातार कम हो रहा है। आईसीएमआर के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. समीरन पांडा का आकलन है कि फरवरी अंत तक कोरोना संक्रमण नगण्य हो जाएगा। देश भर में कुल संक्रमित मामलों की निर्णायक गिरावट भी मार्च तक अपेक्षित है। यह कुछ आंकड़ों से स्पष्ट हो सकता है। बीती 20 जनवरी को कोरोना के संक्रमित मामले 3,47,063 थे, जो 8 फरवरी को 67,597 तक लुढ़क गए हैं। महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल सरीखे जिन राज्यों में संक्रमित मामले 50,000 रोजाना तक दर्ज किए जा रहे थे, वहां अब आंकड़े बेहद कम हैं। तमाम राज्यों ने कोरोना के घटते मामलों को देखते हुए बंदिशों को खत्म किया जा रहा है। जीवन सामान्य गति की ओर धीरे-धीरे ही सही लेकिन अग्रसर हो रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य एजेंसियों की स्थापना है कि कोरोना वायरस की मौजूदगी लगातार संक्रमित मामलों और सक्रिय मरीजों की संख्या के आधार पर आंकी जाती है। यदि लगातार 7 दिनों तक संख्या न बढ़े, तो महामारी का 'चरम' मान लिया जाता है। भारत में बीती 23 जनवरी को सक्रिय मरीज 22 लाख से अधिक थे। अब 13 लाख से भी कम हो गए हैं और फरवरी अंत तक उनमें भी निरंतर गिरावट के आसार हैं। इसी आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के आकलन सामने आ रहे हैं कि तीसरी लहर का 'चरम' गुजर चुका है। अब संक्रमण अधोपतन की तरफ है। संक्रमण के जो आंकड़े बीते शनिवार, 5 फरवरी, को सामने आए थे, वे 5 जनवरी के बाद सबसे कम मामले हैं। जो संक्रमण-दर 30 फीसदी से ऊपर तक चली गई थी, अब वह 10 फीसदी से भी कम है। राजधानी दिल्ली में तो संक्रमण-दर मात्र 2.87 फीसदी दर्ज की गई है। साफहै कि संक्रमण बहुत नियंत्रण में आ गया है। महामारी के निरंतर पतन का ही परिणाम है कि कई राज्यों में स्कूल-कॉलेज खोल दिए गए हैं।

नौजवानों ने 5 वीं बार उठाया विश्वकप

नितेश छाबड़ा

मीडिया और उनके प्रशंसक उन्हें सर आँखों पर बिताएंगे। इन नौजवान खिलाड़ियों के सामने एक चुनौती यह भी रहेगी कि वे इस चकाचौंध में खो न जाएं और अपने खेल का स्तर बनाए रखें। यहां पर बोर्ड अधिकारियों, सीनियर क्रिकेटरों और कोच की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होगी। इन्हें यह एहसास कराना भी जरूरी होगा कि यह विश्व कप उनके कैरियर के लिए एक बेहतरीन स्टार्टअप है। पर यहाँ से आगे बढ़ने के लिए बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। यश धूल से पहले दिल्ली के दो और क्रिकेटर अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को अंडर 19 विश्व कप दिला चुके हैं--विराट कोहली और उन्मुक्त चंद। जहां विराट सफलता के शिखर को छू रहे हैं, वहीं उन्मुक्त चंद इंटरनेशनल क्रिकेट में कभी डेब्यू ही नही कर पाए है।यह बात यश धूल और उनके साथी खिलाड़ियों को जितनी जल्दी समझ में आ जाए, उतना ही अच्छा होगा ।

यह भारतीय क्रिकेट के इतिहास का एक और अप्रतिम और गौरवशाली क्षण था, जब एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम के मैदान में कप्तान यश धूल और उनके साथियों ने अंडर 19 विश्व कप उठाया। युवा जोश से भरी नौजवानों की भारतीय टीम ने संघर्ष से भरे फाइनल मैच में इंग्लैंड को 4 विकेटों से हराकर 5 वीं बार अंडर 19 विश्व कप अपने नाम किया है। 1988 से शुरू हुए इस विश्व कप की अब तक 14 स्पर्धाएं खेली जा चुकी हैं। टीम इंडिया ने आठवीं बार फाइनल में शिरकत की थी। यह तथ्य ही हमारे नौजवानों के प्रभाव और दबदबे की कहानी बयां करता है। हम यह भी कह सकते हैं कि बीसीसीआई ने एक ऐसा कामयाब ढांचा विकसित किया है, जो नई पौध के क्रिकेटरों को फलने फूलने का पूरा अवसर देता है। इस जीत से यह भी पता चलता है कि भारतीय क्रिकेट के भविष्य को लेकर हम पूरी तरह आश्वस्त हो सकते हैं। इस जीत में खिलाड़ियों के साथ टीम के सपोर्ट स्टाफका भी काफी बड़ा योगदान है। टीम के कोच वीवीएस लक्ष्मण और ऋषिकेश कानितकर ने इन युवाओं को बराबर उत्साहित करके रखा और यह बताया कि दबाव वाली स्थिति से कैसे बाहर आया जाए।

दमदार गेंदबाज़ी और आल राउंड प्रदर्शन

भारतीय टीम इस पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रही। कुल खेले 6 मैचों में भारतीय टीम की शानदार घातक गेंदबाजी ने प्रतिपक्षी टीम को सभी मैचों में धराशायी किया और पूरे 60 विकेट हासिल किए। भारतीय टीम के सामने दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की कड़ी चुनौती थी। क्वार्टर फाइनल में पिछले चैंपियन बांग्लादेश से भी कड़ा मुकाबला था। भारतीय टीम सभी मैचों में निर्णायक बढ़त लेकर विजयी हुई। खासकर बांग्लादेश को हराकर हमारे युवाओं ने पिछली बार फाइनल की पराजय का मीठा बदला लिया। टूर्नामेंट के बीच मे टीम के तकरीबन आधे खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। तब ऐसा लग रहा था कि टीम का सफर यहीं खत्म हो जाएगा। पर टीम और सपोर्ट स्टाफने इनसे प्रभावित हुए बिना अपना मोमेंटम, हौसला और मनोबल बनाए रखा और विपरीत परिस्थितियों में कोरोना को मात देकर शिखर छू लिया।

इस बार आल राउंडरों की मौजूदगी ने इस टीम को खास किस्म की मजबूती प्रदान की। 15 सदस्यों की टीम में 8 खिलाड़ी ऐसे थे, जो अपनी मुख्य भूमिका के साथ साथ उपयोगी बल्लेबाज़ी अथवा गेंदबाज़ी कर सकते थे। इन सभी में सबसे अधिक जिस खिलाड़ी ने सबका ध्यान आकर्षित किया, वो थे मध्यम तेज़ गति के गेंदबाज़ी आल राउंडर राज बावा। राज बावा बाएं हाथ के आकर्षक बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। फाइनल में उन्होंने इंग्लैंड के 5 विकेट निकालकर एक तरह से इंग्लैंड की बल्लेबाजी की कमर ही तोड़ दी। इस मैच में राज ने बल्लेबाजी भी बहुत ही अच्छी की। जब 97 के स्कोर पर भारत के चार विकेट गिर चुके थे। उस वक्त पूरा दबाव भारत पर था। ऐसे वक्त में राज की 35 रनों की बड़ी ही महत्वपूर्ण पारी ने भारत को जीत के रास्ते पर डाला। इसके अलावा अंगक्रिश रघुवंशी, निशांत सिंधु, हँगार्गेकर और कौशल तांबे ने भी काफी प्रभावित किया। बल्लेबाजी में कप्तान यश धूल और शेख राशिद की जोड़ी ने लाजवाब प्रदर्शन किया। खासकर सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 200 से अधिक रनों की साझेदारी में दोनों ने गजब का टेम्परामेंट दिखाया। इसी साझेदारी ने मैच को ऑस्ट्रेलिया से दूर कर दिया था। शेख रशीद तकनीकी रूप से काफी ठोस और मजबूत युवा हैं। उनका डिफेंस बहुत ही बढ़िया है। जबकि यश धूल के पास सभी किस्म के स्ट्रोक्स हैं और उनकी टाइमिंग बहुत ही अच्छी है। वही गेंदबाज़ी में रविकुमार और विक्की ओस्तवाल की गेंदबाजी ने भी टीम को लगातार इंटरवेल में सफलता दिलाई।

भविष्य की चुनौती

विश्व कप जीतने के बाद इन युवाओं के साथ साथ बोर्ड वे लिए भी यह चुनौती होगी कि इन क्रिकेटरों के भविष्य को अच्छे से संवारा जाए। अंडर 19 विश्व कप की कामयाबी इन क्रिकेटरों के लिए वाइल्ड कार्ड के समान होती है। इसमें चमकने वाले खिलाड़ियों का भाग्य बहुत जल्दी बदलता है। इस बार भी इन्हें आईपीएल के सुनहरे अनुबंधों के साथ बहुत सारे व्यापारिक अनुबंध भी मिलेंगे।

मीडिया और उनके प्रशंसक उन्हें सर आँखों पर बिताएंगे। इन नौजवान खिलाड़ियों के सामने एक चुनौती यह भी रहेगी कि वे इस चकाचौंध में खो न जाएं और अपने खेल का स्तर बनाए रखें। यहां पर बोर्ड अधिकारियों, सीनियर क्रिकेटरों और कोच की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होगी। इन्हें यह एहसास कराना भी जरूरी होगा कि यह विश्व कप उनके कैरियर के लिए एक बेहतरीन स्टार्टअप है। पर यहाँ से आगे बढ़ने के लिए बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। यश धूल से पहले दिल्ली के दो और क्रिकेटर अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को अंडर 19 विश्व कप दिला चुके हैं--विराट कोहली और उन्मुक्त चंद। जहां विराट सफलता के शिखर को छू रहे हैं, वहीं उन्मुक्त चंद इंटरनेशनल क्रिकेट में कभी डेब्यू ही नही कर पाए है।यह बात यश धूल और उनके साथी खिलाड़ियों को जितनी जल्दी समझ में आ जाए, उतना ही अच्छा होगा ।

बजट 2022-23: आत्मनिर्भर अष्टलक्ष्मी की ओर एक और मजबूत कदम

जी. किशन रेड्डी

केन्द्रीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री हैं और सिकंदराबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इस बजट में हरित अर्थव्यवस्था के प्रोत्साहन से संबंधित बेहद जरूरी प्रावधानों के साथ्ङ्गसाथ पर्वतमाला रोपवे विकास योजना, जोकि पर्यावरण और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की कठिन भौगोलिक स्थिति के बेहद अनुकूल है, में सार्वजनिक परिवहन के क्षेत्र में नई क्रांति लाने की अपार क्षमता है। यह उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा करने का एक और रास्ता है। भारत की सुरक्षा और आर्थिक दृष्टि से उत्तर-पूर्वी राज्यों का व्यापक रणनीतिक महत्व है।

भारत स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। माननीय प्रधानमंत्री ने आजादी के 100वें वर्ष में देश के लिए एक विज़न को स्थापित करने को लेकर अक्सर बातें की हैं। अमृतकाल के लिए योजना बनाने और जमीनी कार्य को, इस वर्ष से ही शुरू करने की आवश्यकता है और इसके लिए वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में उपयुक्त आधारशिला रखी गयी है। बजट द्वारा वित्तीय और सामाजिक प्राथमिकताओं को व्यवस्थित तरीके से संतुलित किया गया है और भारतीय अर्थव्यवस्था में नवाचार और तेज विकास की अपार संभावनाओं के लिए रूपरेखा तैयार की गयी है।

निस्संदेह, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के अष्टलक्ष्मी राज्यों को बजट 2022-23 से बहुत अधिक लाभ होगा। भारत के विकास इंजन और आसियान के प्रवेश द्वार के रूप में ये 8 राज्य, आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के लिए सरकार के विकास-एजेंडे के केंद्र माने जाते हैं। यह बजट विकास-मार्ग को और उज्ज्वल करता है एवं इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की स्थापना के लिए आवश्यक, सभी विकास संबंधी प्रयासों को और मजबूती प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र पर हमेशा विशेष ध्यान दिया है और इसके विकास के लिए 2014 से मिशन मोड में काम कर रहे हैं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास और समृद्धि की अभूतपूर्व रूपरेखा तैयार कर रहा है। विकास की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं - मणिपुर को 75 वर्षों के बाद पहली मालगाड़ी कनेक्टिविटी, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय को रेलवे से पहली बार जोड़ना, बोगीबील पुल का निर्माण- भारत का सबसे लंबा रेल-सड़क पुल, मणिपुर में दुनिया का सबसे ऊंचा पुल घाट (जिरीबाम-इम्फाल), उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पहली बार असम में पेट्रोरसायन परियोजना का उद्घाटन, सिक्किम का पहला हवाई अड्डा तथा अगरतला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नया टर्मिनल, जिसका उद्घाटन हाल ही में हुआ है।

बजट 2022-23 इस मिशन को और भी अधिक ऊर्जा प्रदान करता है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विकास की गति को तेज करने के लिए इस सरकार ने 2014 से अब तक 2.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये हैं। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के विकास के प्रति राजनीतिक इच्छाशक्ति इस तथ्य से परिलक्षित होती है कि पिछले साढ़े सात वर्षों के दौरान इस क्षेत्र के बजट में 110 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, यानी आवंटन 2014-15 के 36,108 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 76,040.07 करोड़ रुपये हो गया है। केवल एक वित्त वर्ष के लिए, यानी पिछले वर्ष के 68,020.24 करोड़ रुपये की तुलना में बजटीय आवंटन 12 प्रतिशत बढ़कर 76,040.07 करोड़ रुपये हो गया है। अवसंरचना के अंतर को कम करने की गति को जारी रखते हुए, इस आवंटन का 15 प्रतिशत से अधिक राजमार्ग, सूचना प्रणाली, रेलवे और हवाई मार्ग (विकास का 'हीरा' (एचआईआरए) मॉडल, जिसका प्रधानमंत्री प्रबल समर्थन करते हैं) को दिया गया है। वास्तव में, सिर्फ रेल परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 2014 से 2021 के बीच उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में रेलवे द्वारा 39,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। हाल के बजट में 1,500 करोड़ रुपये के प्रारंभिक आवंटन के साथ उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए एक नई योजना, प्रधानमंत्री की उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए विकास पहल (पीएम-डिवाइन), का शुभारंभ उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की त्वरित विकास यात्रा में एक और ऐतिहासिक कदम है। यह योजना इस क्षेत्र के विकास के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण अपनाती है। यह योजना इस क्षेत्र में तेजी से रोजगार सृजन और आजीविका संबंधी सहायता को बढ़ाते हुए आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अंतर को कम करने के साथ-साथ विविध विकासात्मक जरूरतों को पूरा करेगी।

पीएम-डिवाइन के तहत ध्यानपूर्वक चयनित प्रारंभिक परियोजनाओं में शामिल मिजोरम का बैंबू लिंक रोड और वैज्ञानिक जैविक कृषि को प्रोत्साहन इस क्षेत्र की प्राकृतिक परिसंपत्तियों का उपयोग विकास के विभिन्न लक्ष्यों को पूरा करने के लिए करते हैं। गुवाहाटी में उपलब्ध बच्चों एवं वयस्कों में हेमेटोलिम्फोइड कैंसर के प्रबंधन की समर्पित सेवाओं और नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच (नेक्टर) की आजीविका के उन्नयन से संबंधित परियोजनाओं ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लोगों के बेहतर कल्याण की दिशा में एक लंबा सफर तय किया है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हर रोज़ यह चाँद रात की चोकीदारी

हर रोज़ यह चाँद रात की चोकीदारी में सितारों की फ़सल बोता है पर चाँद को सिर्फ बोंजाई पसंद है तभी तो वो सितारों को कभी बड़ा ही नहीं होने देता है ।

अनिता कपूर

छोड़ अकेला हमें चल दिए, कैसे

छोड़ अकेला हमें चल दिए, कैसे यक़ीं करें तुम पर। बात हमारी कभी न मानी, हुकुम चलाये हो हम पर। चिकनी चुपड़ी बातें करके, तुम बहलाते रहते हो, बहुत हुआ अब और सहें क्यों, जी लेंगे अपने दम पर।

सुरेश पसारी

खास पाती

सुर साम्राज्ञी कर चलीं सूना

सुर साम्राज्ञी कर चलीं, सूना सकल जहान। देह त्याग नश्वर किया, आत्मा ने प्रस्थान।। शोक मग्न हम सब हुए,नैन बहाएं नीर। बाल वृद्ध नारी सभी, नत मस्तक गंभीर।। जाना सबको एक दिन,रोक सका है कौन। क्रूर काल के सामने,सकल विश्व है मौन।। गीतों में जिंदा सदा, अमर आपके बोल। हिंद नाज़ करता सकल, शख्सीयत अनमोल।। मां वाणी लेने स्वयं , आई वसुधा तीर। पाया उस सम्मान को, जो पाते हैं वीर।। लिपट तिरंगे कफ़न में, हुआ भव्य अवसान। सुर की मलिका को मिला, आज विश्व सम्मान।। **दीपा गुप्ता**

तुम्हें मन के मंदिर में जबसे बिठाया



तुम्हें मन के मंदिर में जबसे बिठाया ये संसार लगने लगा है पराया दिवानी मैं होकर फिरू कहती कहती मेरा कृष्ण आया मेरा श्याम आया वही राग अब तो मुझे सीखना है। सुदामा ने गाया जो मीरा ने गाया। **लक्ष्मी माहौर**

गाया सदा ही' मैंने, माँ नाम बस

गाया सदा ही' मैंने, माँ नाम बस तुम्हारा, देती हो आसरा तुम, जब भी तुम्हे पुकारा। ये ज़िंदगी समर्पित, करता हूँ आपको मैं, आशीष मिल रहा है, मुझको सदा तुम्हारा । कितनी कठिन हो' राहें चलता रहूँ मैं' पथ पे,आया शरण हूँ माँ मैं, दे दो मुझे सहारा। मिलजुल रहें सदा ही, माँ शारदे के' दर पे, ये जिंदगी नहीं फिर ,मिलती कभी दुबारा। हर शब्द सार्थक हो, माँ से करें ये' विनती, यह लेखनी लिखे जो बन जाये ध्रुव तारा। करता यही है विनती संजय भी तेरे दर पर, ले लो शरण में इसको बन जाये ये दुलारा। **संजय कुमार गिरि**

जब ईश्वर के पाट बन्द थे, मैं वरदान

जब ईश्वर के पाट बन्द थे, मैं वरदान माँगती कैसे बिना तुम्हारी अनुमति के मैं, बोलो तुम्हें चाहती कैसे बाट जोहते मिले अनेकों, किंतु परंतु सदा तुम्हारे, बह निकलें या धीरज रख लें, संशयरत आँसू के धारे मैं हारी, मैं हार गई बस, ये ना पूछो क्यों हारी हूँ? कैसे बनती शिकन तुम्हारी, मुस्कानों पर मैं वारी हूँ। **वर्षा वर्षिता श्रीवास्तव**

तुम्हें देर तलक़ निहारते हुए ये

तुम्हें देर तलक़ निहारते हुए ये सोचती हूँ मैं पुरुष का कौन सा चित्र उकेरा हुआ देखूँ तुममें, किस तरह करूँ तुमसे प्रेम, बाल्यावस्था में जाकर या प्रौढ़ावस्था में आकर या अपना संपूर्ण यौवन सौप दूँ तुम्हें प्रेम करते हुए कैसे ध्वस्त होगा रिक्त का तट, संपूर्णता में पूर्ण होकर। **अनामिका चक्रवर्ती**

डगर डगर नगर नगर चलकर भी

डगर डगर नगर नगर चलकर भी एक कदम भी तो चल ना पाया मैं नाते देखे रिस्ते देखे, देखा सब संबंध को खोज खुद में फिर भी खुद को ना पाया मैं जग है जन्म है जीवन समक्ष है खड़ा है इसको भी तो आज तक समझ ना पाया मैं डगर डगर नगर नगर चलकर भी एक कदम भी तो चल ना पाया मैं। **ललित उपाध्याय**

खुश्बू का लुत्फलीजीये मौसम

खुश्बू का लुत्फलीजीये मौसम के साथ साथ गांधी को बात कीजीये गौतम के साथ साथ अपने हको हक़ूक़ को पाना है तो हूजूर आवाज भी उठाईये परचम के साथ साथ सारे गुलाम बन गये इक्का तो देखना रोयेगा बादशाह भी बेगम के साथ साथ दिलवर की याद आये तो गजलो को गाईये जख्मों के नाम लीजीये मरहम के साथ साथ अब तक की जिन्दगी का यही फलसफा है के लूडो का खेल खेलिये कैरम के साथ साथ असलम के साथ दोस्ती राजीव की ए दोस्त दिखती है जैसे रौशनी शबनम के साथ साथ। **राजीव कुमार**

QUIZ TIME

1) मार्च 2021 में यूरोप में किस जानवर में इक्विन हर्पीस वायरस-1 का प्रकोप पाया गया?

2) भारतीय नौसेना के आईएल-38 एयरक्राफ्ट के माध्यम से मार्च 2021 में किस पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो का पहला उड़ान परीक्षण किया गया?

3) 28 जनवरी, 2021 को किस स्थान पर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने नेशनल मरीन टर्टल एक्शन प्लान जारी किया?

4) फरवरी 2021 में भारत के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम की आधारशिला किस राज्य में रखी गई?

5) फरवरी 2021 में किसे स्कॉच समूह द्वारा 'स्कॉच चीफ मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड' प्रदान किया गया?

उत्तरमाला- (1) घोड़ा (2) [illegible] (3) नई दिल्ली (4) ओडिशा (5) वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी

Ramaquiz

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 09 फरवरी की घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1760: मराठा सेनापति दत्ताजी शिन्दे क निधन 1824: उन्नीसवीं सदी के प्रसिद्ध बंगाली कवि और नाटककार माइकल मधुसूदन दत्ता ने ईसाई धर्म अपनाया 1922: भारत के प्रसिद्ध होटल उद्योगपति तथा 'होटल लीला समूह' के संस्थापक सी. पी. कृष्णन नायर का जन्म 1931: भारत में पहली बार किसी व्यक्ति के सम्मान में चित्र समेत डाक टिकट जारी किया गया 1950: न्यायविद, पत्रकार और राजनीतिज्ञ सर अब्दुल कादिर का निधन 1951: स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना करने के लिये सूची बनाने का कार्य शुरू किया गया 1968: भारतीय फ़िल्म अभिनेता राहुल रॉय का जन्म 1971: अपोलो 14 मिशन चांद से पृथ्वी पर लौटा 1975: रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज 17 अंतरिक्ष से 29 दिन बाद धरती पर लौटा 1993: भारतीय ग्रैंड मास्टर खिलाड़ी परिमार्जन नेगी का जन्म 2001: शिवानतरा थाइलैंड के नए प्रधानमंत्री निर्वाचित 2002: अफ़ग़ानिस्तान की पूर्व तालिबान सरकार के विदेश मंत्री मुत्तवकील का आत्मसमर्पण 2007: पाकिस्तान की विपक्ष पार्टी जमायती उलेमा इस्लामी ने जिन्ना को स्वतंत्रता सेनानी की सूची से हटाया 2008: विख्यात सामाजिक कार्यकर्ता, मुख्यतः कुष्ठरोगियों की सेवा के लिए विख्यात बाबा आम्टे का निधन 2009: सर्वोच्च न्यायालय ने ताज व उसके आसपास अवैध निर्माण पर यूपी सरकार को नोटिस दिया 2010: भारत सरकार ने बीटी बैंगन की व्यावसायिक खेती पर अनिश्चित काल के लिए रोक लगाई।

पीएचई का बाबू स्वपन दास 61 लाख रूपये गबन के आरोप में हुआ गिरफ्तार

कोण्डागाँव/नवप्रदेश। जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन एवं एएसपी शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव निमितेश सिंह के नेतृत्व में कोण्डागाव पुलिस ने शासकीय राशि को गबन करने वाले आरोपी स्वपन कुमार दास, सहायक ग्रेड-3 पीएचई. खण्ड कायार्लय कोण्डागांव निवासी डीएनके कॉलोनी कोण्डागांव थाना व जिला कोण्डागांव को दिनांक 07 फरवरी को गिरफ्तार किया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कार्यालय कोण्डागांव में पदस्थ स्वपन कुमान दास, सहायक ग्रेड-03 के द्वारा दिसंबर 2017 से अगस्त 2020 का नियमित शासकीय मासिक वेतन की राशि मे अतिरिक्त अधिक राशि का अनाधिकृत रूप से बेइमानीपूवर्क देयक (बी.टी.आर.) तैयार कर आहरण किया गया था एवं संवितरण अधिकारी को भ्रमित कर हस्ताक्षर उपरांत जिला कोषालय कोण्डागांव में जमा कर स्वयं के खाते में अधिक अंतर की राशि 6147239 रूपये को आहरण कर गबन किया है, प्रार्थी जे0 एल0 महला कायर्पालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कायार्लय कोण्डागांव छ.ग. की रिपोर्ट पर थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 369/2020 धारा 409 भादवि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आज 7 फरवरी को आरोपी स्वपन कुमार दास को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया। संपूर्ण कायर्वाही मे उप निरी आनंद सोनी, सऊनि दिनेश डहरिया, लोकेश्वर नाग, प्रआर घासी नेताम, दिनेश नेताम का विशेष योगदान रहा।

रेत से भरे हाईवा ने नायब तहसीलदार की कार को मारी टक्कर, बाल-बाल बचे नायब तहसीलदार

जांजगीर-चांपा। जिले में रेत से भरे हाईवा ने नायब तहसीलदार की कार को टक्कर मार दिया, घटना में नायब तहसीलदार को मामूली चोट आई है। पुलिस ने आरोपी ड्राईवर को गिरफ्तार कर दुर्घटनाकारित हाईवा को कब्जे मे ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ के नायब तहसीलदार चित्रभानु

राज बिलासपुर से अपडाउन करते हैं आज भी वे अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एन 1353 जिसमें कार्यपालिक दाण्डाधिकारी का बोर्ड लगा हुआ है उससे बिलासपुर से आ रहे थे इसी दौरान शिवरीनारायण की ओर से रेत लेकर जा रही हाईवा ने भैसो गांव के पास उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर से नायब तहसीलदार उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई हालांकि नायब तहसीलदार को ज्यादा चोट नही आई मगर यह घटना बड़ी भी हो सकती थी। बताया जा रहा है कि कार को नायब तहसीलदार चित्रभानु राज खुद चला रहे थे और ड्राईवर साईड को ही हाईवा ने ठोकर मारा है। फिलहाल पामगढ़ पुलिस ने तहसीलदार की शिकायत पर आरोपी ड्राईवर को गिरफ्तार कर दुर्घटनाकारित हाईवा को कब्जे मे ले लिया है।

चाकू की नोक पर महिला से सोने की जेवर की लूट, महिला समृद्धि बाज़ार के पास की घटना

रायगढ/नवप्रदेश। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला से चाकू की नोक पर सोने की चैन, कान के जेवर और अंगूठी लूटने का मामला सामने आया है। हथियारबंद दो अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बगीचापारा थाना राजगंगपुर जिला सुंदरगढ उडिसा की रहने वाली महिला शकूंतला अग्रवाल 7 फरवरी को दोपहर अपने बेटी दमाद शिवअग्रवाल निवासी कहारगली कोतरा रोड रायगढ के घर मेहमानी मे आई हुई थी और शाम को शाम मे गणेश तलाब गौशाला चौक रागयढ़ अकेले घुमने आई थी कि शाम करीब 6:45 बजे तलाब से घुमकर वापस घर जाने के लिए निकल रही थी। इसी बीच तलाब के सामने महिला समृद्धि बाज़ार के पास रोड मे एक लडका उसके पास आया और एक पता पुछने के बहाने बात करते हुये महिला को धमकाते हुये उसी समय उसके पेट के पास एक चाकू को लगाकर बोला कि अपनासर ढक लो और जितने गहने पहने हो सब मुझे दे दो नही तो तुमको जान से मार दूंगा। उसी वक्त एक और लडका भी वहां आ गया तथा दोनो ने महिला के पहने गले का सोने का चैन एक सोने का अंगूठी, एक जोडी सोने की कान की बाली, किमती 45,000 रू को लूट कर महिला को सिर घुमाने के लिए बोला और जैसे ही महिला ने अपना सिर घुमाया दोना वहां से भाग निकले। महिला जब तक शोर मचाई तब तक आरोपी वहा से रफूचकर हो गये। महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे है।

गिरोला मंदिर चोरी का चौथा आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर (नवप्रदेश)। ग्राम गिरोला स्थित हिंगलाजिन मंदिर में हुए चोरी के प्रकरण में फरार चौथे आरोपी को पकड़ने एवं कार्यवाही करने में पुलिस को सफलता मिली है । ज्ञात हो कि 21 एवं 22 दिसम्बर 2021 के दरमियानी रात ग्राम गिरोला स्थित हिंगलाजिन माता मंदिर में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देकर मंदिर में माता के श्रृंगार में चढाये गये सोने के हार, झुमका, बिंदिया आदि श्रृंगार के जेवरात एवं दान पेटी तोड़कर दानराशि चोरी कर लिया गया था । घटना पर चोरी के दर्ज आपराधिक प्रकरण में बस्तर पुलिस के द्वारा 30 जनवरी को तीन आरोपी जगन्नाथ हरिजन, कंवल दास मानिकपुरी एवं खत्तूराम मानिकपुरी को पकड़कर कार्यवाही किया गया था । वारदात में शामिल मामले का चौथा आरोपी धनसाई लूदो फरार था । जिसकी तलाश की जा रही थी । सूचना पर उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार के पर्यवेक्षण में उप निरीक्षक टुमनलाल डडसेना के नेतृत्व में रनेश सेठिया, मनोज तिर्की, प्र.आर.जोगीराम बुडेक, सुन्दर बघेल, हीरालाल भंडारी, आरक्षक निरंजन महानंदी, कृष्णा साबड़े आदि की टीम गठित कर कार्यवाही हेतु ग्राम उड़ियापाल की ओर रवाना किया गया । उड़ियापाल में संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा, जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम धनसाई बिसारी उफ लूदो निवासी कोसागुमड़ा जिला नवरंगपुर का होना बताया ।

गौरव पथ में बीती रात दर्दनाक सड़क हादसा, दो युवकों की मौत

■ पीड़ित परिवार को मुआवजा व शराब दुकान को हटाने की माँग

■ आक्रोशित लोगों ने किया एक घण्टा आवागमन बाधित

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। रविवार की रात 9:30 बजे स्थानीय गौरव पथ में प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के सामने हुए एक भीषण सड़क हादसे में मोटर सायकल सवार दो युवकों की ट्रक की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना से आक्रोशित कुछ युवकों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिए जाने सहित गौरव पथ से शराब दुकान को अन्यत्र हटाये जाने की मांग को लेकर सड़क पर बैठकर नारे बाजी करते हुए भारी वाहनों का आवागमन करीब एक घण्टे तक बाधित कर दिया। बाद में दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुँचे तहसीलदार शेखर पटेल एवं नगर निरीक्षक मनीष सिंह परिहार द्वारा पीड़ित परिवार को तत्कालिक सहायता राशि प्रदान कराये जाने तथा गौरव पथ से शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित कराये जाने की प्रशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ कराये जाने का आश्वासन दिए जाने के पश्चात् आक्रोशित युवक सड़क से उठे जिसके बाद पुलिस द्वारा गौरव पथ पर यातायात प्रारम्भ कराया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार दिनांक 06 फरवरी को रात्रि 9:30 बजे के लगभग गौरव पथ में प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के सामने सोल्ड मोटर सायकल में सवार नगर के वार्ड क्र.01 नयापारा निवासी पप्पू यादव पिता रामकिशन यादव 21 वर्ष और चुटु यादव पिता स्व. संतोष यादव 25 वर्ष को विपरीत दिशा से आ रही ट्रक क्रमांक ओडी-15बी-2149 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटर सायकल सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गये और वाहन का पहिया उनके सिर के ऊपर निकल जाने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सड़क दुर्घटना में नयापारा निवासी यादव परिवार के दो युवकों की मौत का समाचार पाकर कुछ युवा तत्काल घटना स्थल पहुँच गए जहाँ उन्होंने पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा दिए जाने सहित गौरव पथ पर संचालित देशी शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किये जाने की मांग को लेकर सड़क पर बैठकर आवागमन बाधित कर दिया। नारे बाजी कर रहें इन युवकों को बाद में घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुँचे तहसीलदार शेखर पटेल तथा नगर निरीक्षक मनीष सिंह परिहार द्वारा पीड़ित परिवार को तत्कालिक सहायता राशि दिलाये जाने के अलावा गौरव पथ में संचालित शराब दुकान को हटाये जाने के लिए प्रशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ कराये जाने का आश्वासन दिया गया। तब कही जाकर रात 11:15 बजे आक्रोशित युवक शांत होकर सड़क से उठे जिसके बाद मौजूद पुलिस बल द्वारा गौरव पथ पर खडे भारी वाहनों को यातायात सामान्य कराकर गंतव्य के लिए रवाना किया गया। सोमवार सुबह स्थानीय प्रशासन द्वारा दोनों पीड़ित परिवार को 25-25 हजार रूपये की तत्कालिक सहायता राशि प्रदान कर दी गई। उधर मामले की रिपोर्ट पर स्थानीय पुलिस ने अपराध क्र. 46/22 भादवि की धारा 279, 304ए के तहत ट्रक क्र. ओडी-15बी-2149 के आरोपी अज्ञात ट्रक चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर दी है।

भाजपा के नगर बंद को मिला शहर के व्यापारियों का मिला जुला समर्थन

जगदलपुर/नवप्रदेश। नगर निगम जगदलपुर के अंतर्गत संजय गांधी वार्ड की पार्षद कोमल जेना के द्वारा अपने वार्ड वासियों से कथित पैसे उगाही मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा विगत 19 दिनों से बोधघाट थाने के सामने धरना दिया जा रहा है।

इसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर बंद का आह्वान व्यापारियों से किया गया था, किंतु बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स जगदलपुर द्वारा इस बंद को समर्थन ना दिए जाने के कारण व्यापारी वर्ग भी उलझन में दिखे । जगदलपुर शहर के कई व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान इस बंद के समर्थन में अपनी दुकान बंद रखी तथा कई व्यापारियों ने अपने अपने दुकानों को खोलकर रखा था । सुबह से ही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतागण एवं पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के सभी व्यापारी वर्गों से अपने अपने प्रतिष्ठान बंद करने का आह्वान कर रहे थे, इस दौरान उनकी पुलिस से बहस भी हुई । पुलिस द्वारा भाजपा के नेता गण तथा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जिले के विभिन्न थाना में ले जाकर नजरबंद कर दिया गया ।

वही इस पूरे मामले में पीड़ित परिवार के लोग भी बोधघाट थाना के सामने खुले आसमान के नीचे बिना पंडाल के कड़कती धूप में धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे और वही पुलिस के जवान इस पूरे घटनाक्रम को मुखदर्शक बनकर देखते रहे ।

वही गिरफ्तार हुए भाजपा कार्यकर्ता में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री केदार कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, लोकेश कवड़िया, किरण देव, रूप सिंह मंडावी, संतोष बाफना, सुधीर पांडे, विद्या शरण तिवारी, लछु राम कश्यप, श्रीधर ओझा, रामाश्रय सिंह, मनीराम कश्यप, वेदांत दीक्षित, आनंद मोहन मिश्रा, मनोहर दत्त तिवारी, संग्राम सिंह राणा, मनीष पारख, संजय विश्वकर्मा, शैलेंद्र भदोरिया, लक्ष्मी कश्यप, ममता राणा, फुलेश्वरी कराई अलका सेंगर, बी जय राम, रूपेश जैन, धरमु मंडावी, रोहित खत्री, कमल पटवा, संतोष त्रिपाठी, बसंत कुमार, मनोज ठाकुर, गणेश काले, रमन चौहान, अमित कपूर, रोहित खत्री, पृथ्वी सिंह, प्रतिन राव, विवेक साहू, किशन सेठिया, रिंकू पांडे, सौरव मंडल, शिव प्रकाश, रोहित पंत, जगतपाल सिंह चौहान, दिलीप झा, हरि शंकर झा, आशुतोष पांडे, शेखर शर्मा, अजय सेठिया, अरविंद मिश्रा, नक्कू द्विवेदी, लोकेश कुमार, सुनील विश्वकर्मा, हेम प्रकाश, राज शेखर, श्याम कुमार एवं पप्पू ठाकुर आदि थे।

रोजगार दिवस में दी गई निजी भूमि पर लिए जाने वाले कार्यों की जानकारी

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में प्रतिमाह 7 तारीख को रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 7 फरवरी को जिले की जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें महात्मा गांधी नरेगा के दिशा निर्देशों के साथ ही निजी भूमि पर लिये जाने वाले हितग्राही मूलक कार्यों की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई।जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर के निर्देश पर प्रतिमाह 7 तारीख को रोजगार दिवस मनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले की ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों के दौरान रोजगार दिवस का आयोजन कोविड के दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए मनाया जा रहा है। इस दौरान मनरेगा श्रमिकों, ग्रामीणों को निजी भूमि पर लिए जाने वाले कार्यों से अवगत

कराया गया। भूमि सुधार (मेढ़ बधान एवं समतलीकरण) कार्य द्वारा परती या बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने, डबरी निर्माण, कुआं निर्माण एवं अन्य जल संचयन संरचनाओं से सिंचाई सुविधाएं की जानकारी प्रदान की गई। इसी प्रकार बागवानी, रेशम पालन, पौधारोपण और कृषि वानकी कार्य के माध्यम से आजीविका में किस तरह से हितग्राही सुधार ला सकते हैं, विस्तार से बताया गया। नाडेप कम्पोस्ट टैंक, वर्मी कम्पोस्ट टैंक व द्रव जैविक खाद अमृत पानी टंकी निर्माण के द्वारा जैविक खेती में बहुत कारगर सिद्ध होते हैं।

ग्राम दाऊकापा के धान विक्रय करने वाले किसान बसावन साहू का माल्यार्पण कर किया गया स्वागत

■ धान विक्रय के संबंध में श्री साहू ने किया अपने अनुभवों को साझा

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2021-2022 हेतु जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य विगत 01 दिसम्बर से आज 07 फरवरी तक किया गया। जिले के विकासखण्ड मुंगेली के धान उपार्जन केन्द्र जरहागांव में धान खरीदी के अंतिम दिन आज 07 फरवरी को धान विक्रय करने वाले ग्राम दाऊकापा के किसान बसावन साहू का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और धान विक्रय के संबंध में उनके अनुभवों को साझा किया गया। किसान बसावन साहू ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर धान खरीदी हेतु बेहतर व्यवस्था की गई थी। अवैध रूप से धान बचने वाले कोचियों और बिचौलियों पर सतत निगाह रखी गई थी। जिसके फलस्वरूप अवैध रूप से धान बचने वाले कोचियों और बिचौलियों का मकसद पूरा नहीं हुआ। उन्होने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि धान उपार्जन केंद्र में उनके द्वारा दो बार धान बेचा गया। लेकिन बारदाने की कोई समस्या नहीं हुई। उन्हे धान उपार्जन केंद्र में सरलता से टोकन प्राप्त हुआ। पहली बार उनके द्वारा 97 क्विंटल और दूसरी बार 19.2 क्विंटल धान का विक्रय किया। धान उपार्जन केंद्र में उनके द्वारा लाये गये धान को बहुत अच्छे से तौल किया गया। तौल में उन्हे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। धान उपार्जन केन्द्र में किसानों की सुविधा के लिए पानी, छाया आदि की व्यवस्था की गई थी।

बिलासपुर मंडल के अधीक्षण अभियंता ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बिलासपुर मंडल के अधीक्षण अभियंता आर के गेंदले आज जिला मुख्यालय मुंगेली पहुँचे। तत्पश्चात् उन्होंने विकास खण्ड लोरमी के ग्राम पंचायत कारी डोंगरी के आश्रित विस्थापित वन ग्राम, सांभर धशान, बाकल, बोकरा कछार में लगे सोलर के पाइप लाइन एफएच टी सी के कार्यों का निरीक्षण किया।इसी कड़ी में जल जीवन मिशन योजना के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मुंगेली द्वारा लोरमी विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कारीडोंगरी के आश्रित ग्राम सांभर धसान, बाकल, बोकरा कछार में शत प्रतिशत एफएच टी सी किया गया है।

ग्राम तर्रेम में मेडिकल कैम्प एवं सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन

बीजापुर/नवप्रदेश। 210 कोबरा वाहिनीं केरिपु बल के द्वारा बीजापुर जिले के अतिसंवेदनशील ग्राम तर्रेम के पटेलपारा में कोमल सिंह पुलिस उप महानिरीक्षक केरिपु बल बीजापुर के मार्गदर्शन में मेडिकल कैम्प एवं सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के गांव के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। पवन कुमार सिंह (द्वितीय कमां0 अधिकारी) 210 कोबरा की उपस्थिति में श्यामांता गोगोई मुख्य चिकित्साधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को कोविड़ - 19, मलेरिया एवं अन्य मौसमी बिमारियों से बचाव एवं रोकथाम के बारे में बताया एवं 52 ग्रामीणों की चिकित्सा जांच की एवं आवश्यक दवाईयों की वितरण भी किया गया इसके साथ ही युवाओं को वॉलीबाल, फुटबाल एवं अन्य खेल कूद की सामग्री का वितरण किया गया। वाहिनीं के अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों से वार्तालाप किया गया एवं आश्वासन दिया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उनकी हर सम्भव मदद् की जाएगी। उपस्थित सभी बालक-बालिकाएं को उच्च शिक्षा अर्जित करने तथा खेल कूंद के माध्यम से अच्छे स्वास्थ्य को बनायें रखने की सलाह दी गई। इस सिविक एक्शन प्रोग्राम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं इसकी सराहना की। इस मौके पर आलोक कुमार उप.कमा. एवं अन्य अधिकारी गण 210 कोबरा वाहिनी के उपस्थित थे।

डीएमएफ मद से ग्राम गोईन्द्री में बनेगा उपस्वास्थ्य केंद्र

■ 15 से 18 आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों तथा शाला त्यागी बच्चों के लिए द्वितीय चरण का टीकाकरण अभियान 10 फरवरी को

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों से वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की और निराकरण के संबंध में संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर वसंत ने जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की शासी परिषद की बैठक में स्वीकृत निर्माण और विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आम लोगों को गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी तारतम्य में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की शासी परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार जिले के विकास खण्ड मुंगेली के ग्राम गोईन्द्री में उपस्वास्थ्य केंद्र का भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 12 लाख 76 हजार रूपये स्वीकृत की गई है। उन्होंने उपस्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के लिए निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने कोरोना वायरस की संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु की जा रही टीकाकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होंने कहा कि विगत 3 जनवरी को 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के स्कूली एवं शाला त्यागी बच्चों के लिए टीकाकरण अभियान का संचालन किया गया था जहां बड़ी संख्या में स्कूली एवं शाला त्यागी बच्चों का टीकाकरण किया गया था। उन्होंने टीकाकरण अभियान में छुटे हुए 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों तथा शाला त्यागी बच्चों के लिए द्वितीय चरण का एक दिवसीय टीकाकरण अभियान 10 फरवरी को आयोजित करने के निर्देश दिए। इस हेतु उन्होंने वैक्सीन की उपलब्धता और वैक्सीनेटर की उपस्थिति सुनश्चित करने के लिये स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए संचालित सुपोषित मुंगेली अभियान का सार्थक परिणाम सामने आया है। इसी तारतम्य में कुपोषित बच्चों को 15 दिन के भीतर सुपोषित करने के लिए डीएमएफ मद से विकासखण्ड मुंगेली और लोरमी में पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने वहां संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में बच्चों की 80 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने एनआरसी में भर्ती बच्चों की माताओं को क्षतिपूर्ति के रूप में उनके बैंक खाते में 2250 रूपए की राशि हस्तांतरित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने कामन सर्विस सेंटर (सीएससी) के ग्राम स्तरीय उद्यमियों (व्हीएलई) द्वारा घर घर जाकर बनाए जा रहे आयुष्मान भारत कार्ड की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जारी आयुष्मान भारत कार्ड की प्रगति पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने 1 दिसंबर से अब तक की गई धान खरीदी के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में भंडारित धान की सुरक्षा, परिवहन आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

तेंदुआ खाल को बेचने के फिराक में चढ़े पुलिस के हत्थे

नगरी। 7 फरवरी को पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली की कुछ लोग तेंदुआ खाल को बेचने के फिराक में है।पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल, एसडीओपी. नगरी मयंक रणसिंह,थाना प्रभारी नगरी को सूचना की तस्दीक कर त्वरित वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिस थाना प्रभारी नगरी एवं सायबर की टीम ने तत्काल मुखबिर सूचना की तस्दीक करने रवाना हुए।उक्त टीम द्वारा गवाहों के साथ मुखबिर के बताए स्थान नगरी से धमतरी रोड ग्राम डोंगाडुला तिराहा के पास पहुंचे ही थे कि पुलिस को आते देख तीन संदेही भागने लगे।जो अपने हाथ में सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी रखे थे।पुलिस ने घेराबंदी कर संदेहियों को धर दबोचा।3 लोग एक सफेद रंग के प्लास्टिक के बोरी में वन्य प्राणी तेन्दुआ का खाल रखकर बिक्री करने ग्राहक तलाश रहे थे।नाम पता पूछने पर तीनों व्यक्ति अपना नाम बुद्धराम मरकाम पिता स्व घासीराम उम्र 45 वर्ष गाजीमुड़ा थाना शोभा जिला गरियाबंद,धनसाय नेताम पिता स्व पुरषोत्तम नेताम उम्र 34 वर्ष साकिन भीरागांव थाना सिहावा और बंशी लाल मरकाम पिता स्व बरन सिंह मरकाम उम्र 45 वर्ष साकिन शीतलापारा शोभा थाना शोभा जिला गरियाबंद बताए। तीनो आरोपियों के पास अवैध रूप से वन्य प्राणी तेन्दुआ खाल पाया गया। जिसकी कीमत तकरीबन 10 लाख बताई जा रही है ।तीनों आरोपियों के विरूद्ध 9, 39 (1) (2) 51,52 वन्य प्राणी संरक्षण अधि.एवं 3 लोक सम्पत्ति नुकसानी निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर किया गया न्यायालय पेश किया गया।कार्यवाही में थाना प्रभारी नगरी निरीक्षक कोमल नेताम , निरीक्षक भावेश गौतम , उप निरीक्षक नरेश बजारे , सउनि जी एस राजपूत, आरक्षक योगेश ध्रुव , शंकर दयाल त्रिपाठी , आनंद कटकवार , झमेल सिंह , धीरज डडसेना , कमल जोशी धरमवीर राजपूत , रूपेन्द्र साहू , राजू लाठेवाल शामिल रहे।

जिले के 7174 भूमिहीन परिवार, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से लाभान्वित

कांकेर। राज्य शासन द्वारा ग्रामीण भूमिहीन परिवारों को आर्थिक रूप से संबल प्रदान करने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ किया गया है, जिसका शुभारंभ लोकसभा सांसद श्री राहुल गांधी के द्वारा 03 फरवरी को किया गया है। इस योजना के तहत प्रत्येक ग्रामीण भूमिहीन परिवारों को हर साल छः हजार रूपये की मदद दी जायेगी, जो उन्हें तीन किस्तों में मिलेगा। इस योजना से कांकेर जिले के 07 हजार 174 ग्रामीण भूमिहीन परिवार लाभान्वित होंगे। योजना के शुभारंभ अवसर पर अंतागढ़ तहसील के 486, कांकेर के 1260, चारामा के 1374, दुर्गूकोंदल के 451, नरहरपुर के 1004, पखांजूर 1471 और 07भानुप्रतापपुर तहसील के 1428 भूमिहीन परिवारों को प्रथम किस्त की राशि 01 करोड़ 43 लाख 48 हजार रूपये हितग्राहियों के बैंक खाता में डायरेक्ट ट्रांसफर बेनिफिट योजना के तहत हस्तांतरित की गई है।

संपन्न हुआ धान खरीदी का महापर्व

कांकेर। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महापर्व कांकेर जिले में सुचारू रूप से संपन्न हो गया। जिले में 70 सहकारी समितियों के 137 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 77 हजार 903 किसानों से 31 लाख 86 हजार 762 क्विंटल धान की खरीदी की गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 107 प्रतिशत अधिक है। गत वर्ष 74 हजार 996 किसानों से 29 लाख 65 हजार 182 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी जबकि इस वर्ष 77 हजार 903 किसानों से 31 लाख 86 हजार 762 क्विंटल धान खरीदा गया है। सुचारू रूप से धान खरीदी कार्य को संपन्न कराने के लिए किसानों द्वारा भी पुराना बारदाना प्रदान कर शासन-प्रशासन का सहयोग किया गया, जिसके लिए शासन द्वारा किसानों को प्रति बोरा 25 रूपये का भुगतान किया गया। कांकेर जिले के 54 हजार 557 किसानों द्वारा 16 लाख 09 हजार 77 नग पुराना बारदाना उपलब्ध कराये गये, जिसमें से 47 हजार 270 किसानों को 03 करोड़ 55 लाख रूपये की राशि का भुगतान कर दिया गया है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 01 दिसम्बर 2021 से 07 फरवरी 2022 तक समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई। गत वर्ष 125 उपार्जन केन्द्र स्थापित थे, किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 12 नवीन उपार्जन केन्द्र बनाये गये। इस प्रकार वर्ष 2021-22 में कांकेर जिले में 137 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से धान का उपार्जन किया गया। धान खरीदी में जिले के 42 हजार 276 किसानों द्वारा 11,599 हेक्टेयर रकबा का समर्पण कराया गया, जो कि पूरे राज्य में सर्वाधिक है।

बिलासपुर के जंगल में मिला तेंदुए का 2 दिन पुराना शव

तेंदुए का शव मिलने के बाद वन अफसरों में हड़कंप

बिलासपुर (नवप्रदेश)। बिलासपुर के सीपत क्षेत्र से लगे हुए बिटकुला-खम्हिरया वन परिक्षेत्र में सोमवार को एक तेंदुए का शव मिला है। उसके पैर कटे हुए थे और दांत भी गायब थे। ऐसे में तेंदुए का शिकार करने की आशंका जताई जा रही है। शव करीब दो दिन पुराना है। वहीं वन विभाग के अफसर मामले को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना पर जंगल पहुंचे अफसरों ने जानकारी देने से बचने के लिए अपने फोन बंद कर दिए हैं। तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का राज खुल सकता है। मामला सीपत-सोंठी सर्किल का बताया जा रहा है।

सीपत क्षेत्र से लगे हुए बिटकुला-खम्हिरया वन परिक्षेत्र में ग्रामीणों ने सोमवार दोपहर करीब 12 बजे तेंदुए का शव देखा। इस पर उन्होंने स्थानीय वनकर्मियों को सूचना दी। बावजूद इसके अफसरों ने इसे नजर अंदाज कर दिया। फॉरेस्ट गार्ड दोपहर से शाम तक शव की रखवाली करता रहा। करीब 4 बजे डिप्टी रेंजर हफीज खान पहुंचे। फिर रेंजर आलोक नाथ और एसडीओ सुनील बच्चन वहां गए। इसके बाद शाम डीएफओ कुमार निशांत भी डॉक्टरों की टीम के साथ पहुंच गए।

तेंदुए के शव से नाखून, पंजा और दांत गायब-

तेंदुए के पैर के निचले हिस्से यानी कि पंजे का हिस्सा गायब था। उसके दांत को भी निकाल लिए गए थे। तेंदुए का जिस बेरहमी से शिकार किया गया है। इससे उसके अंगों की तस्करी करने की आशंका जताई जा रही है। शिकारियों ने तेंदुए को मारने के बाद उसके चारों पैर को काट दिया। ऐसे में अब वन विभाग के अफसर इस नाकामी को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं।

फारेस्ट गार्ड से हाल ही में प्रमोशन होकर आए डिप्टी रेंजर हफीज खान को सोंठी सर्किल का प्रभार दिया गया है। अभी उन्होंने मुख्यालय में रहना भी शुरू नहीं किया है। सोमवार को जब फारेस्ट गार्ड ने उन्हें इस घटना की जानकारी दी, तब वे बाहर थे। खबर मिलने के बाद शाम को जंगल पहुंचे, तब रेंजर और एसडीओ को इसकी सूचना दी गई। लेकिन, तब तक शाम हो गई थी।

बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में करीब तीन महीने निरतु पंचायत के अदराली ग्राम के पास तेंदुआ देखा गया था। तेंदुए ने ग्रामीण पर पंजे से हमला भी किया था। इस सूचना के बाद भी वन विभाग के अफसरों ने जानकारी नहीं ली। न ही तेंदुए के पग मार्क की पड़ताल की। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र के अधिकारी मुख्यालय में नहीं रहते। इसके चलते जंगल और वन्य प्राणियों की सुरक्षा का भी उन्हें ध्यान नहीं रहता।

वन विभाग के अफसरों में समन्वय भी नहीं है। सोंठी सर्किल से लगा हुआ सीपत सर्किल है। यहां पदस्थ डिप्टी रेंजर अयज बेन से तेंदुए की लाश मिलने की जानकारी ली गई, तब उन्होंने अपने क्षेत्र में इस तरह की घटना से ही इंकार कर दिया। हैरानी की बात है कि सोंठी सर्किल के जंगल में तेंदुए की लाश मिली है और उससे लगे सीपत सर्किल के डिप्टी रेंजर से भी अफसरों ने इस बात को साझा नहीं किया।

जिले में 48 लाख क्विंटल से अधिक हुई धान की खरीदी

■ **किसानों को माला पहनाकर एसडीएम ने किया स्वागत**

बिलासपुर(नवप्रदेश)। जिले में कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर के निर्देशन में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 1 लाख 9 हजार से अधिक किसानों से 48 लाख 32 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी के अंतिम दिन तखतपुर के ग्राम मोछ के धान खरीदी केंद्र में एसडीएम महेश शर्मा ने माला पहनाकर किसानों का स्वागत किया। इस अवसर पर खाद्य निरीक्षक श्याम वस्त्रकार भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि जिले के मस्तूरी विकासखण्ड में सर्वाधिक धान की खरीदी हुई। सभी धान खरीदी केंद्रों में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। जिले के धान खरीदी केंद्रों में कुल 86 लाख 10 हजार से अधिक बारदानें उपलब्ध कराये गये थे। इनमें 41 लाख नग से अधिक नए जूट बारदानें तथा 42 लाख 36 हजार नग से अधिक पुराने जूट के बारदानें उपलब्ध कराये गये थे। इसके अतिरिक्त बारिश से बचाव के लिए तारपोलिन की भी पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थी ताकि बारिश होने पर धान को कोई नुकसान न हो।

खरीदी केंद्रों से धान का उठाव भी सुचारू रूप से राईस मिलरों द्वारा कराया जा रहा है। जिले में अब तक 33 लाख 48 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव कर लिया गया है।

जो कि कुल खरीदे गये धान का 69.20 प्रतिशत है। खाद्य नियंत्रक राजेश शर्मा ने बताया कि खरीदी केंद्रों से धान उठाव का कार्य भी चल रहा है और समय सीमा में शेष धान का उठाव पूरा कर लिया जाएगा।

अपने ही अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा ने लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त

कोण्डागांव (नवप्रदेश)। नगर पालिका कोण्डागाँव में पूर्ण बहुमत के बावजूद अध्यक्ष को लेकर जब अपने ही पार्षद अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए तो राजनीतिक माहौल गर्माने लगा था वही कयास लगाए जा रहे थे कि नगर सरकार में फेरबदल हो सकती है लेकिन आज फ्लोर टेस्ट में बागी पार्षद एकजुट नहीं रह सके वह अविश्वास प्रस्ताव बहुमत से खारिज हो गया।

नगरपालिका सदन में जारी खींचतान में आखिरकार भाजपा पार्षदों ने भाजपा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पर पुनः विस्वास जताया। अध्यक्ष हेमकुंवर पटेल और उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी के खिलाफ बगावती तेवर अपनाने वाले कुछ पार्षदों के मंसूबे नाकामयाब हो गए । ज्ञात हो कि अविष्वास प्रस्ताव ला अपने अध्यक्ष उपाध्यक्ष के खिलाफ लामबंद हुए 7 पार्षद अविश्वास प्रस्ताव को लेकर एकजुट नहीं रह सके । लिहाजा, नपा कार्यालय के सभागार मे मुख्य कार्यकारी अधिकारी की मौजूदगी में हुए गुप्त मतदान में। भाजपा के अध्यक्ष को 10-9-3 से तो वही उपाध्यक्ष को 11-10-1 से जीत प्राप्त हुई । नपा अध्यक्ष उपाध्यक्ष को गिराने के लिए अविश्वास प्रस्ताव गिर जाने के बाद शक्ति प्रदर्शन कर विजयी रैली की शक्ल में भाजपा कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के समक्ष जमकर आतिशबाजी की। प्रदेश उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने कहा कि खिलाफत, डराना धमकाना और खरीद-फरोख्त का प्रयत्न करना कांग्रेस पार्टी की पुरानी परंपरा रही है भारतीय जनता पार्टी का सच्चा कार्यकर्ता इन हथकंडों से कभी विचलित नहीं हो सकता।

वहीं कांग्रेस महासचिव व नपा पार्षद मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि उक्त अविश्वास प्रस्ताव अपने अध्यक्ष के खिलाफखुद भाजपा के पार्षदों ने लाया था बावजूद उनके 3 पार्षदों ने क्रॉस बोटिंग की ये उनके आत्ममंथन का विषय है, हम नगर में विकास को कटिबद्ध है नगर सरकार में सत्ता में रहे या विपक्ष में मुख्य उद्देश्य हमारा विकास है।

दिव्यांगों को ऋण देने जमीन संबंधी गारंटी नहीं किया जायेगा मान्य, शासकीय सेवक ही होंगे गारंटर

■ **'नि:शक्त वित्त एवं विकास निगम ने जारी किए निर्देश'**

बिलासपुर(नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम द्वारा दिव्यांगजनों को स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। निगम ने इस संबंध में नवीन निर्देश जारी किया है। निगम द्वारा जारी निर्देश के अनुसार ऋण प्रकरण की स्वीकृति के लिए अब जमीन संबंधी गारंटी मान्य नहीं की जाएगी। ऋण की गारंटी के लिए केवल शासकीय सेवक ही गारंटर के रूप में मान्य किये जाएंगे।

गौरतलब है कि निःशक्तजन वित्त और विकास निगम रायपुर द्वारा 18 से 55 वर्ष के ऐसे दिव्यांगजनों को जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांग है उन्हें स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। ऋण प्राप्त करने के लिए दिव्यांग आवेदक को केंद्र या राज्य सरकार के चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होता है। इसके साथ साथ शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आय घोषणा प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज प्रस्तुत करना होता है। दिव्यांगों को ऋण प्राप्त करने के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति सहित अन्य जरूरी दस्तावेज भी जमा करने होते हैं।

आश्वासन अभियान प्रचार वाहनों को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

कांकेर। जिले में कोविड एवं टीबी के संक्रमण की कड़ी तोड़ने के लिए अनामया अभियान के तहत् ''आश्वासन'' का शुभारंभ कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा आज किया गया। उनके द्वारा जिला कार्यालय परिसर से स्वास्थ्य विभाग के चार प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उइके, सिविल सर्जन डॉ. आर.सी. ठाकुर भी मौजूद थे।

न्यायालय नजूल अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202201160100017
अ-20 (3)/2021-22

ईश्तहार

आम जनता को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेश फुटाने पिता बाजीराव फुटने जाति कुनबी निवासी गीदम नगरीय क्षेत्र गीदम वार्ड क्र. 02 तहसील गीदम जिला दंतेवाड़ा मोबाइल नं. 9770464843 को ग्राम गीदम पहन 17 तहसील गीदम जिला दंतेवाड़ा स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 906 रकबा 0.1700 हेक्ट. में से 280 वर्गमीटर भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ व्यवस्थापन/बंटन किए जाने संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों को उल्लेख करते हुए स्वयं या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 18/02/2022 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति/ अभ्यावेदन इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/02/2022 को जारी किया जाता है।

सील

नजूल अधिकारी
दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

निविदा सूचना क्रमांक 77/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां.खं./2020 — सूरजपुर, दिनांक 3/2/22

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

मुहरबंद निविदाएं छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रतिशत दर पर प्रपत्र ''अ'' में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 350/150 मि.मी. व्यास के अधिक गहरे नलकूपों का मैकेनिकल रोटरी रिंग और मड पंप द्वारा नलकूल खनन, हैण्डपम्प स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण कार्य आदि सम्पूर्ण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

समूह क्रमांक	कार्य का नाम	नलकूप की संख्या	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	विकासखण्ड- रामानुजनगर 350/150 मि.मी. व्यास के अधिक गहरे ग्रेव्हल पैक्ड नलकूप खनन कार्य।	9	15.30
2	विकासखण्ड- भैयाथान 350/150 मि.मी. व्यास के अधिक गहरे ग्रेव्हल पैक्ड नलकूप खनन कार्य।	5	8.50

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21.02.2022 है, एवं निविदा की अन्य शर्तें तथा कार्य की विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

जी-67548/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
सूरजपुर

कार्यालय- कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड- जशपुर (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम :- जशपुर जिले निम्नलिखित विकासखण्डों में एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत 63 से 75 मिमी. व्यास के HDPE पाईप ए 20 मिमी व्यास के कंपोजिट पाईप एवं 90 मि.मी. व्यास के यू.पी.व्ही.सी. पाईप 6&10kg/cm², स्पेशल्स सहित प्रदाय कर जोड़ने, बिछाने, इंटरकनेक्शन, टेस्टिंग क्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम, स्वीच रूम, रेनोवेशन, घरेलू नल कनेक्शन एवं अन्य संबंधित समस्त कार्य, 6 माह ट्रायल रन सहित स्वीकृत शेड्यूल अनुसार।

क्र.	निविदा क्र./ दिनांक/ लागत सिस्टम नंबर	योजना का नाम	अनुमानित (राशि रु. लाख में)	अमानत राशि (राशि रु.में)
1	303/03.02.2022 92067	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम घरजियांबथान के विभिन्न बसाहटों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना FHTC 446 नग	220.96	150000/-
2	304/03.02.2022 92069	विकासखण्ड पत्थलगांव के ग्राम झक्कड़पुर, जामजुनवानी के विभिन्न बसाहटों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना FHTC 339 नग	173.66	130250/-
3	305/03.02.2022 92070	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम बाम्हनमारा एवं सेमरटोली के विभिन्न बसाहटों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना FHTC 265 नग	166.95	125250/-
4	305/03.02.2022 92071	विकासखण्ड फरसाबहार के ग्राम तुमला के विभिन्न बसाहटों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना FHTC 388 नग	209.47	150000/-
5	307/03.02.2022 92072	विकासखण्ड दुलदुला के ग्राम मकरीबंधा के विभिन्न बसाहटों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना FHTC 221 नग	178.79	134100/-
6	308/03.02.2022 92050	विकासखण्ड मनोरा के ग्राम करडीह एवं खुटापानी के विभिन्न बसाहटों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना FHTC 146 नग	117.58	88200/-
7	309/03.02.2022 92052	विकासखण्ड मनोरा के ग्राम खम्हली एवं अमगांव के विभिन्न बसाहटों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना FHTC 297 नग	251.91	150000/-
8	310/03.02.2022 92054	विकासखण्ड मनोरा के ग्राम सुकरी एवं लुखी के विभिन्न बसाहटों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना FHTC 168 नग	195.82	146900/-
9	311/03.02.2022 92055	विकासखण्ड मनोरा के ग्राम छतैरी, खौरा, जरिया एवं गोवारू के विभिन्न बसाहटों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना FHTC 277 नग	220.92	150000/-
10	312/03.02.2022 92056	विकासखण्ड मनोरा के ग्राम करदना, पटिया एवं सरडीह के विभिन्न बसाहटों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना FHTC 327 नग	303.65	151900/-
11	313/03.02.2022 92058	विकासखण्ड मनोरा के ग्राम भभरी, बिरला, नवाटोला एवं रजला के विभिन्न बसाहटों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना FHTC 246 नग	204.98	150000/-
12	314/03.02.2022 92059	विकासखण्ड मनोरा के ग्राम जरिया एवं लुखी के विभिन्न बसाहटों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना FHTC 279 नग	210.00	150000/-
13	315/03.02.2022 92060	विकासखण्ड मनोरा के ग्राम हर्री एवं हड़कोना के विभिन्न बसाहटों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना FHTC 255 नग	239.08	150000/-
14	314/03.02.2022 92061	विकासखण्ड मनोरा के ग्राम सुरजुला एवं तालासिली के विभिन्न बसाहटों में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना FHTC 287 नग	250.87	150000/-

उपरोक्त निर्माण कार्य की ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 18.02.2022 तक आमंत्रित की जाती है। जल जीवन मिशन कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्युरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।

जी-67582/6

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जशपुर (छत्तीसगढ़)

प्रथम पृष्ठ का शेष...

नक्सलियों ने किया ...

सीआरपीएफ के 153वीं बटालियन के जवान हर रोज की तरह एरिया डोमिनेशन के लिए निकले थे, तभी ये धमाका हुआ है। इस धमाके में चार जवानों के घायल होने की जानकारी मिली है। जिन्हें ईलाज के लिए जिला अस्पताल में लाया गया है।

सुप्रीम कोर्ट का ...

अदालती मामलों की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में जानबूझकर देरी कर रही है। इसी वजह से उन्हे अंतरिम जमानत के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

श्री खान ने आरोप लगाया कि राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार का मुकदमों की कानूनी प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाने के पीछे का मकसद उन्हें आगामी विधानसभा चुनावों में भाग लेने से रोकना है।

देश में एक दिन...

इस महामारी से ठीक हुए, जिसके बाद इस प्राण घातक विषाणु को मात देने वाले लोगों की संख्या 4,08, 40,658 हो गयी। मौजूदा समय में देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की दर 2.35 प्रतिशत है। वहीं रिकवरी रेट 96.46 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान 1,188 मरीजों की मौत हुई, जिसके बाद कोविड-19 के कारण अब तक जान गंवाने वाले लोगों का आंकड़ा बढ़कर 5,04,062 हो गया।

लॉकडाउन से मुक्त...

की। पंजाब के किसानों के खातें उनकी फसलों का पहली बार सीधे भुगतान किया गया। उन्होंने कहा,''मैंने कुछ वीडियो देखे हैं जिनमें पंजाब के किसान यह कह रहे हैं कि उनकी खेती वहीं है लेकिन एक साथ इतना पैसा कैसे आ गया है।''

मोदी ने पांच राज्यों ...

की दूसरी लहर मे सरकार की असफलता के साथ ही बाकी की जो चीजें हमने रखी थी, उनका कोई रिप्लाई उनके पास नहीं, कोई आंकड़े नहीं, कोई डेटा नहीं। हमने आंकड़े के साथ बात की थी लेकिन उन्होंने ये सब छोड़कर सिर्फ कांग्रेस पार्टी को टारगेट करके सिर्फ एक ही पार्टी को लेकर बोलते गए, इसलिए हमने ये कहा कि ये उत्तर देने की बजाए जो पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, वो उनको मैसेज देने के लिए यहाँ भाषण कर रहे थे।

महाभारत के 'भीम' ...

'महाभारत' में भीम के किरदार से प्रवीण को काफी लोकप्रियता मिली थी। बाद में उन्होंने कई फिल्मों में भी काम किया।

'महाभारत' में उनके साथी कलाकार रहे गजेंद्र चौहान ने ट्वीट कर उनके निधन की जानकारी दी है। उन्होंने कहा , आज सुबह ही एक और दुःखद समाचार मिला। मेरा महाभारत का भाई प्रवीण कुमार जी हम सबको छोड़कर अनंत यात्रा पे चला गया। विश्वास नही हो रहा। पा जी, आप हमेशा हमारी यादों में रहेंगे। ओम शांति ओम शांति ओम शांति।

वाहन दुर्घटना में ...

भाइयों के बच्चे और कभी-कभी पालक बच्चे एक साथ रहते हैं और वे परिवार के कमाने वाले पर निर्भर होते हैं और अगर रोटी कमाने वाले की मोटर वाहन दुर्घटना मौत हो जाती है तो उन्हें मुआवजे से इनकार करने का कोई औचित्य नहीं है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)
मेन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक / ले.शा./का.अभि./लोस्वायां./2021-22/ — बिलासपुर दिनांक .....

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बिलासपुर के अंतर्गत नीचे लिखे कार्य हेतु एकल पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में श्रेणी ''डी'' एवं उच्च में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर केवल स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा की समय सारणी

1. कोरे निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि — 21.02.2022 (कार्यालयीन अवधि में)
2. कोरे निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु राशि जमा करने एवं कोरे निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से जारी करने की तिथि — 23.02.2022 (कार्यालयीन अवधि में)
3. निविदा स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय — 26.02.2022 (अपरान्ह 5.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय — 26.02.2022 (अपरान्ह 5.00 बजे के पश्चात)

कार्य का विवरण

समूह क्रमांक 01 से 04 तक विकासखण्ड बिल्हा, मस्तूरी, कोटा एवं तखतपुर के प्रत्येक ग्रामों में 08-08 नग नलकूप खनन एवं स्थापना कार्य।
प्रत्येक समूह कार्य की अनुमानित लागत रु. 5.134 लाख धरोहर राशि रु. 3860.00
कोरे निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 750/- कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित 01 माह

यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंश है। विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निदांक 21.02.2022 कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है एवं आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

'' हैण्डपंप संबंधी शिकायत टोल फ्री नं. 18002330008 पर दर्ज करावें ''

जी-67558/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बिलासपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

गोधन न्याय योजना का बढ़ता दायरा

छत्तीसगढ़ शासन

- **गोबर की सरकारी खरीदी**
- **गोबर से बनेगी बिजली, आइल पेंट, जैविक खाद**

संवाद - 31099/1

"ग्रामीण अर्थव्यवस्था में हमारे किसानों, पशुधन पालकों, महिलाओं, युवाओं के अलावा ऐसे हजारों भूमिहीन परिवारों को भी भागीदार बनाया गया है जिनके पास न तो जमीन है और न ही आय का कोई दूसरा जरिया। गोधन न्याय योजना के प्रारंभ 20 जुलाई 2020 से अब तक गोबर खरीदी का भुगतान 122.17 करोड़ रुपए गोबर संग्राहकों व विक्रेताओं को किया गया है। वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के साथ गौठानों को मल्टीयूटिलिटी सेंटर, रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बनाने तथा गोबर से विभिन्न उत्पादों सहित प्राकृतिक पेंट का निर्माण करने का भी फैसला लिया है। वर्मीकम्पोस्ट (जैविक खाद) का मूल्य 100 करोड़ रुपए से भी अधिक है।"

श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़



सेवा, जतन, सरोकार - छत्तीसगढ़ सरकार

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

बात है अभिमान के
छत्तीसगढ़िया
स्वाभिमान के

स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

छत्तीसगढ़ शासन

बसाहटों, मोहल्लों तक स्वास्थ्य सेवाएं

- मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना
- मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना

18 लाख परिवारों तक पहुंचा लाभ

"मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना ऐसे लोगों के लिए वरदान साबित हुई है जो राज्य के वन, पहाड़ तथा दुर्गम क्षेत्रों में निवासरत हैं तथा चिकित्सा सुविधाओं से वंचित हैं। हमारी सरकार ने ऐसे दुर्गम व सुदूर क्षेत्रों में बसे ग्रामीणों, जनजातीय समूहों के घर-द्वार तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का बीड़ा उठाया। हाट-बाजारों के माध्यम से लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निः शुल्क दवा वितरित की जा रही है। शासन की इस पहल से दुर्गम क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु मृत्युदर में निरंतर कमी आ रही है और आदिवासी अंचल में मलेरिया मुक्त अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिल रही है।"

श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़



संवाद - 31099/1

सेवा, जतन, सरोकार - छत्तीसगढ़ सरकार

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क